

स्व. डॉ. एलसी वालिया

haryanavatika | @haryanavatika | YouTube @haryanavatika | www.haryanavatika.com

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

भिवानी से प्रकाशित | सोच बिल्कुल निष्पक्ष...




फॉल्कनर ने अनुबंध राशि नहीं मिलने पर पीएसएल छोड़ी , होटल में हंगामा किया 6 | 5 पंजाब में 85 से अधिक सीटें जीतेगी आप: अवतार सिंह ढिल्लो

आरएनआई नं.,- HARHIN/2019/79021 | वर्ष 3, अंक 112, पृष्ठ 08 | भिवानी, सोमवार, 21 फरवरी, 2022 | मूल्य : 3.00 रूपए | ई-मेल : haryanavatika@gmail.com | +91-9255149495

# सुरक्षित व सुविधाजनक ग्रुप हाउसिंग सोसायटी विकसित करने की दिशा में होगा काम: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने सुनी आरडब्ल्यूए की समस्याएं, दिया उचित समाधान का आश्वासन



वाटिका न्यूज गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित, सुविधाजनक व भविष्य की जरूरत के अनुसार ग्रुप हाउसिंग सोसायटी विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा, ताकि इन सोसायटी में लोगों को सभी जरूरी आवासीय सुविधाएं समयबद्ध मिल सकें। इन सोसायटी में लोगों की समस्याओं का समाधान भी जल्द से जल्द किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम में रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों की समस्याएं सुनने के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने आरडब्ल्यूए द्वारा रखी सभी समस्याओं व सुझाव को ध्यानपूर्वक सुना व इनका उचित समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि रिहायशी क्षेत्रों में लोगों को सभी प्रकार की सेवाओं व सुविधाओं का समय पर लाभ मिले। उन्होंने कहा कि हरेरा के माध्यम से जल्द ही एक सेमिनार का आयोजन करवाया जाएगा, जिसमें आरडब्ल्यूए अपनी समस्याएं व सुझाव रख सकते हैं। इस सेमिनार में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सरकार के पास भवन संबंधी शिकायत आने पर इसकी चांज के लिए कमेटी गठित की जाएगी। प्रदेश में बिल्डर्स को कंप्लीशन सर्टिफिकेट समयबद्ध दिया जाएगा तथा बिल्डर्स के साथ-साथ ठेकेदार की जवाबदेही भी तय की जाएंगी। इस अवसर पर भाजपा नेता जवाहर सिंह यादव ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया।

# अब चुनावों में राजनीतिक पार्टियों के फ्री के वादों पर लगेगी लगाम

## सुप्रीम कोर्ट कर सकता है जवाबदेही तय



नई दिल्ली, एजेंसी। देश की राजनीतिक पार्टियों द्वारा किए जाने वाले हवा-हवाई और फ्री के वादों पर जल्द लगाम लग सकती है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में केंद्र और भारत के चुनाव आयोग ( ईसीआई ) को राजनीतिक दलों को विनियमित करने और उन्हें जवाबदेह बनाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। बता दें कि वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपने वकील अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह को जब्त करने और चुनावी घोषणापत्र में किए गए अपने आवश्यक तर्कसंगत वादों को पूरा करने में विफल रहने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने का निर्देश देने की भी मांग की है।

तीन दिवसीय फ्रांस की यात्रा पर हैं एस जयशंकर, यूरोपीय संघ के मंत्रिस्तरीय मंच और द्विपक्षीय बैठक में लेंगे हिस्सा

### घोषणापत्र को एक विजन दस्तावेज बनाया जाए

गौरतलब है कि अपनी याचिका में अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अदालत से यह निर्देश देने का आग्रह किया है कि यदि राजनीतिक दल निर्वाचित हो जाता है तो चुनाव घोषणापत्र को एक विजन दस्तावेज बनाया जाए और राजनीतिक दल के इरादों, उद्देश्यों और विचारों की एक प्रकाशित घोषणा माना जाए। अश्विनी कुमार ने कानून और न्याय मंत्रालय को पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कामकाज को विनियमित करने और उन्हें आवश्यक तर्कसंगत घोषणापत्र वादों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की है।

### मुफ्त के वादों पर लगे लगाम

याचिका में कहा गया है कि लोकतंत्र का आधार निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया है। अगर चुनावी प्रक्रिया की अखंडता से समझौता किया जाता है तो प्रतिनिधित्व की धारणा खत्म हो जाती है। अश्विनी कुमार ने याचिका में कहा है कि राजनीतिक दल तर्कहीन मुफ्त का वादा कर रहे हैं लेकिन आवश्यक वादे पूरे नहीं कर रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकता है।

# ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में चीनी लड़ाकू विमानों ने फिर की घुसपैठ

### अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन



ताइपे, एजेंसी। चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव का माहौल है। इस बीच, स्थानीय मीडिया ने बताया कि चार चीनी लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआइजेड) में घुसपैठ की है। ताइवान न्यूज ने देश के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स के चार शेनयांग छ्व-16 फाइटर जेट्स ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इस साल अब तक एक दिन में ताइवान के एडीआइजेड में घुसपैठ करने वाले चीनी सेना के विमानों की सबसे अधिक संख्या 23 जनवरी को दर्ज की गई है, जब 39 चीनी विमानों को ताइवान के वायु क्षेत्र में घुसते हुए देखा गया था। मालूम हो कि बीजिंग ताइवान पर पूर्ण संप्रभुता का दावा करता है। मुख्य भूमि चीन के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित ताइवान में लगभग दो करोड़ चालीस लाख (24 मिलियन लोगों) का लोकतंत्र है। इस तथ्य के बावजूद कि दोनों पक्ष सात दशकों से अधिक समय से अलग-अलग शासित हैं। दूसरी ओर, ताइपे ने अमेरिका सहित लोकतंत्रों के साथ रणनीतिक संबंध बढ़ाकर चीनी आक्रामकता का मुकाबला किया है, जिसका बीजिंग द्वारा बार-बार विरोध किया गया है। चीन ने धमकी दी है कि 'ताइवान की आजादी' का मतलब युद्ध है।

# यूएस फंडेड प्रोजेक्ट के खिलाफ नेपाल में जबरदस्त प्रदर्शन, पुलिस ने भीड़ पर छोड़े आंसू गैस के गोले



काठमांडू, एजेंसी। नेपाल में अमेरिका द्वारा वित्त पोषित प्रोजेक्ट को लेकर कुछ लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने उन पर आंसू गैस और पानी की बौछारें मारी। पुलिस ने बताया कि झड़पों में कुछ प्रदर्शनकारी घायल भी हो गए हैं। एक अमेरिकी सरकारी सहायता एजेंसी मिलेनियम चैलेंज कोरपोरेशन (एमसीसी) ने 2017 में नेपाल में 300 किलोमीटर (187 मील) बिजली ट्रांसमिशन लाइन और एक सड़क सुधार परियोजना के लिए अनुदान में 500 मिलियन अमरिकी डालर प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की थी।

सरकारी अधिकारियों ने कहा कि यह अनुदान चुकाना नहीं होगा, लेकिन विरोधियों का कहना है कि यह समझौता नेपाल के कानूनों और संप्रभुता को कमजोर करेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों सहित प्रमुख राजनीतिक दल इस मामले में विभाजित हो गए हैं, कुछ अमेरिकी अनुदान राशि को स्वीकार करने पर सहमति जता रहे हैं, जबकि कुछ इससे असहमत हैं।

नेपाल में अमेरिकी दूतावास ने 500 मिलियन अमेरिकी डालर के एमसीसी अनुदान को अमेरिकी लोगों की ओर से एक उपहार और दोनों देशों के बीच एक साझेदारी के रूप में वर्णित किया है। इससे नेपाल में रोजगार बढ़ेगा और नेपाल की जनता के जीवन में सुधार होगा।

**वर्तमान समय में श्रीलंका की आर्थिक स्थिति काफी बदतर हो गई है**

दूतावास ने शनिवार को देर रात जारी एक बयान में कहा, इस परियोजना का अनुरोध नेपाली सरकार और नेपाली लोगों ने किया था और गरीबी को पारदर्शी रूप से कम करने और नेपाल की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए इसे डिजाइन किया गया था। नेपाल विदेशी सहायता पर बहुत अधिक निर्भर करता है, और दाता नेपाल विकास मंच के माध्यम से विकास सहायता नीति का समन्वय करते हैं, जिसके सदस्यों में दाता देश और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संगठन शामिल हैं।

# कनाडा में जब्ती आदेश के खिलाफ अपील कर सकेगी एयर इंडिया, देवास मामले में विमानन कंपनी ने अपीलीय अदालत की मंजूरी हासिल की




नई दिल्ली, एजेंसी। एयर इंडिया ने कनाडा की एक अदालत के उस आदेश को चुनौती देने के लिए एक अपीलीय अदालत की मंजूरी हासिल की है, जिसमें देवास मल्टीमीडिया के विदेशी निवेशकों को उसके कोष को जब्त करने की इजाजत दी गई थी। वर्ष 2005 में एंट्रिक्स कारपोरेशन के साथ सेटेलाइट सौदा रद होने के चलते मुआवजा हासिल करने के लिए देवास को यह कोष जब्त करने की इजाजत दी गई थी। न्यायाधीश क्रिस्टीन बाडुइन ने 11 फरवरी के एक फैसले में एयर इंडिया की इस अपील पर सहमति जताई कि अदालत को मारीशस स्थित तीन निवेशकों और जर्मनी की डायचे टेलीकाम के दावे पर फिर से विचार करना चाहिए कि एयरलाइन भारत सरकार की है और इसलिए उससे वसूली की जानी चाहिए। न्यायाधीश ने एक संक्षिप्त आदेश में कहा, %अपील के गुणदोष या सफलता की संभावना पर राय व्यक्त किए बिना, मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि इस मामले को अदालत में पेश करना चाहिए।% उन्होंने मामले की सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख निर्धारित की है। एयर इंडिया ने देवास के विदेशी निवेशकों की मांग को यह कहते हुए खारिज करने की अपील की है कि 27 जनवरी, 2022 को टाटा समूह द्वारा इसके अधिग्रहण के बाद अब यह सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी नहीं है। वर्ष 2005 में इसरो की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। यह सौदा 2011 में इस आधार पर रद कर दिया गया कि ब्राडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी में धोखाधड़ी में हुई थी और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य सामाजिक उद्देश्यों के लिए एस-बैंड उपग्रह स्पेक्ट्रम की जरूरत थी। इसके बाद देवास मल्टीमीडिया ने इंटरनेशनल चैंबर्स आफ कामर्स (आइसीसी) में फैसले के खिलाफ मध्यस्थता कार्रवाई शुरू की।

# हमारे हिंदुत्व का मतलब बदला लेना नहीं है : उद्भव ठाकरे



मुंबई, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सिलसिलेवार हमले के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अपने महाराष्ट्र समकक्ष और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुंबई में मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ठाकरे ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और केसीआर के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, ÷भविष्य की रणनीति बनाने के लिए एक पहल की जानी थी, इसलिए यह बैठक हुई। इस प्रयास में समय और बहुत मेहनत लगेगी।

बीजेपी पर हमला बोलते हुए ठाकरे ने कहा कि झूठ और दूसरों को बदनाम करने का यह धंधा अच्छा नहीं है, आज यही हो रहा है। हालांकि बीजेपी का नाम लिए बगैर उद्धव ठाकरे ने कहा, %बदला लेने के इर्द-गिर्द घूमने वाला हिंदुत्व हमारा हिंदुत्व नहीं है। कुछ लोग सिर्फ अपने एजेंडे के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश को सही रास्ते पर लाना है। पीएम कौन होगा इस पर बाद में चर्चा की जा सकती है। हम आज से कई राजनीतिक नेताओं से मिलेंगे।

बता दें कि केसीआर के साथ उनकी बेटी और विधान परिषद सदस्य के कविता और पार्टी सांसद जे संतोष कुमार, रंजीत रेड्डी और बी बी पाटिल भी मुंबई दौरे पर पहुंचे। एनसीपी प्रमुख शरद पवार के साथ केसीआर की बैठक से पहले दोनों ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

**मीटिंग में हुई इन मुद्दों पर चर्चा**

दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच बैठक के दौरान शिवसेना नेता संजय राउत और अरविंद सावत के साथ-साथ अभिनेता प्रकाश राज भी मौजूद थे। सीएम उद्धव ठाकरे और सीएम केसीआर के बीच बैठक के दौरान बभली बांध, तुम्मिडीहेटी, मेदिगड्डा बैराज और चंखा-कोर्टा बैराज जैसी सिंचाई परियोजनाओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों राज्यों में उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

# यूक्रेनी सेना और विद्रोहियों के बीच तेज हुई लड़ाई, भीषण गोलाबारी में मारे जा रहे दोनों ओर के लोग, रूस ने उठाया यह कदम



कीव, एपी, ऐंसी। पूर्वी यूक्रेन में यूक्रेनी सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच छिड़ा संघर्ष रविवार को और तेज हो गया। दोनों ओर से जारी गोलाबारी में अभी तक यूक्रेन के दो सैनिक मारे गए हैं और चार सैनिक घायल हुए हैं। विद्रोही नेताओं ने दावा किया है कि यूक्रेन के सेना के हमले में कब्जे वाले इलाके में दो नागरिक मारे गए हैं। इन इलाकों से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का रूस के सुरक्षित इलाकों में जाना जारी है।

पता चला है कि विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में रहने वाले सात लाख लोगों के लिए रूस ने पासपोर्ट जारी कर उन्हें औपचारिक रूप से अपना नागरिक बना लिया है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने पूर्वी यूक्रेन में छिड़े संघर्ष, बेलारूस और काला सागर में चल रहे युद्धाभ्यास और परमाणु हमले के अभ्यास को रूस के तनाव बढ़ाने वाले कदम कहा है। कहा है कि इनके जरिये रूस यूक्रेन पर हमले का बहाना गढ़ रहा है।

### बीजिंग ताइवान पर पूर्ण संप्रभुता का करता है दावा

किसी भी दिन वह यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार से शुरू हो रहे सप्ताह में रूसी हमले का अंदेशा जताया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन ने कहा है कि रूसी सैनिक यूक्रेन की सीमा के और करीब आ गए हैं और वे अपने हथियारों के साथ मोर्चेबंदी कर रहे हैं। उनकी तैयारियां हमले से ठीक पहले वाली हैं।

यूक्रेन की सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच छिड़े संघर्ष में तीन दिनों में संघर्षविराम उल्लंघन की दो हजार घटनाएं दर्ज की गई हैं। विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके और शेष यूक्रेन के बीच नियुक्त पर्यवेक्षक दल ने ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह बात कही है। पूर्वी यूक्रेन में दोनों के बीच 2014 से लड़ाई छिड़ी हुई है लेकिन ताजा संघर्ष पिछले सात साल में सबसे भीषण है। इस बीच यूक्रेन ने विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों को जाने वाले सात रास्तों पर बने चेकपोस्ट बंद कर दिए हैं। अब दोनों ओर से लोगों का आना-जाना बंद है।

### यूक्रेन पहुंचा मशीनगन और राइफलों से भरा विमान

रूसी हमले की आशंका के बीच यूक्रेन को पश्चिमी देशों से हथियार मिलने जारी हैं। रविवार को कनाडा से हजारों मशीनगन, असाल्ट राइफल, नाइट विजन डिवाइस और सर्विलांस उपकरण लेकर विमान कीव पहुंचा। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनीकोव ने इस सहायता के लिए कनाडा का आभार जताया है। यूक्रेन को अमेरिका, ब्रिटेन, लिथुआनिया और तुर्की से भी सैन्य सामग्री प्राप्त हुई है।

## हवन यज्ञ के साथ ज्ञानकोष ग्लोबल स्कूल में नए सत्र की हुई शुरुआत



वाटिका न्यूज सतनाली।

गांव खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष ग्लोबल संस्था में शनिवार को हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र से दाखिला प्रक्रिया की शुरुआत की गई। संस्था के सीईओ राकेश कुमार बाल गणेश ने बताया कि संस्था का संचालन इसी सत्र से किया जा रहा है जिसके लिए सभी प्रकार की तैयार पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि एक मार्च से संस्था में एडमिशन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा 1 अप्रैल से बच्चों की कक्षा भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्था के चेयरमैन सुरेश कुमार अग्रवाल जाने माने उद्योगपति है जो गांव ग?ी से संबंध रखते है। जिन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस संस्था का निर्माण करवाया है। इस अवसर पर संस्था के सीईओ राकेश कुमार, अशोक कुमार, सत्यनारायण, धर्मवीर, सूबे सिंह, श्रीधर शास्त्री, पूर्व सरपंच राजवीर, लीलाराम, नीरज यादव, देवांश यादव, सुलोचना, पूनम, संतोष, सीमा, प्रीति, संगीता, सपना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व महिलाएं उपस्थित रही।

# लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ेंगे तो मंजिल दूर नहीं: कृष्णकांत

वाटिका न्यूज लोहारू। लड़कियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहीं हैं। यह बात आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू में समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर के समापन पर यूको बैंक के प्रबंधक कृष्णकांत व स्थानीय रेडक्रास केंद्र के संचालक अजय जायलवाल ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ेंगे तो मंजिल दूर नहीं होगी। उन्होंने ने छात्राओं को बैंकिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने बाबत जानकारी विस्तार से प्रदान की। साथ-साथ बैंक द्वारा उपभोक्ताओं के लिए चलायी जाने वाली योजनाओं पर और उनसे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। रेडक्रास की विभिन्न योजनाओं के बारे में अजय जायलवाल ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वव्यापी रेडक्रास संस्था के परोपकारी कार्यों के बारे में भी छात्राओं को जानकारी प्रदान की। विकास शिविर के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य दर्शना श्योराण ने भी छात्राओं को जीवन में कोई भी एक



कौशल को अपना कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने ने छात्राओं को समय पर अपने जीवन लक्ष्य निर्धारित कर, उसे प्राप्त करने की सलाह दी। समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम के समापन सत्र का मंच संचालन राजनीतिक विज्ञान लेक्चरर श्यामसुंदर सांगवान ने किया। कौशल विकास शिविर संयोजिका संयोजिका प्रवक्ता बबीता सांगवान ने बताया कि पांच दिवसीय कौशल विकास शिविर में विभिन्न विभाग की योजनाओं बारे उनके स्थानीय अधिकारियों व विशेषज्ञों को बुलाकर छात्राओं से रूबरू करवाया गया। इस अवसर पर जिले सिंह, श्यामसुंदर सांगवान, कुसुमलता, शकुंतला मान, प्रतिभा अहलावत, मौलिक मुख्याध्यापक रमेश कुमार, विनोद बॉक्सर, बबीता रानी, सविता, सोनिया, आशा, विद्यालय प्रबंधक समिति प्रधान राजवंत बड़सीवाल आदि उपस्थित रहे।

# माननीय केंद्र मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने निफ्टेम में 'जिंदल स्टेनलेस गैलरी' का उद्घाटन किया

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्टेनलेस स्टील के महत्व को उजागर करने के लिए कंपनी ने निफ्टेम के साथ साझेदारी की



वाटिका न्यूज कुंडली। मजबूत उद्योग-अकादमिक सहयोग स्थापित करने और सरकार की 'स्किल इंडिया' पहल को बढ़ावा देने के लिए, भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील उत्पादक जिंदल स्टेनलेस ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टेम) में %जिंदल स्टेनलेस गैलरी% की स्थापना की। निफ्टेम खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एक शीर्ष संस्थान है। निफ्टेम परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस ने %जिंदल स्टेनलेस गैलरी% का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव, श्री मिन्हाज आलम (आईएएस); एसआईओ, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, श्री संजय गुप्ता; माननीय सांसद, सोनीपत, हरियाणा, श्री रमेश कौशिक; उपायुक्त, सोनीपत, हरियाणा, श्री शांतनु शर्मा और निफ्टेम के कुलपति, डॉ चिन्दी वसुदेवप्पा भी उपस्थित थे।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक श्री अभ्युदय जिंदल ने इस पहल पर कहा, ÷हम उद्देश्य एक ऐसा तंत्र स्थापित करना है जिससे स्टेनलेस स्टील अनुप्रयोगों में उद्यमिता को महत्व मिल सके। निफ्टेम के साथ यह सहयोग खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में युवा पेशेवरों को शिक्षित करेगा और %एफ एंड बी% उद्योग में सबसे स्वच्छ और टिकाऊ धातु के उपयोग को बढ़ावा देगा। इस पहल के साथ, हम भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्टेनलेस स्टील के उपयोग के लिए राष्ट्रीय मानक स्थापित करने की उम्मीद करते हैं।÷

जिंदल स्टेनलेस ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में स्टेनलेस स्टील के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कौशल विकास, उद्यमिता और शैक्षणिक सहयोग की दिशा में काम करने के लिए संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी जारी किया है। एमओयू पर रजिस्ट्रार, निफ्टेम, डॉ जे एस राणा और जीएम, बि?नेस डेवलपमेंट, जिंदल स्टेनलेस, श्री राजीव गुप्ता ने हस्ताक्षर किए।

# हरे पेड़ों की कटाई व मिट्टी उठान करने वालों पर होगी कार्रवाई



### ग्राम सभा की बैठक में लिया निर्णय

वाटिका न्यूज सतनाली। खंड के गांव डिगरोता में ग्राम सभा की बैठक का आयोजन निवर्तमान सरपंच महिपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम सभा की बैठक में गांव की समस्याओं व मांगों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में गांव की बनी में अवैध रूप से की जा रही हरे पेड़ों की कटाई तथा सड़क मार्ग के साथ हो रहे मिट्टी के उठान के प्रति चिंता व्यक्त की गई। बैठक में गांव में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने व सड़क किनारे से मिट्टी का उठान करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने के लिए एक कमेटी गठित की गई। ग्रामीणों की सहमति से हवलदार शेर सिंह, किशन सिंह, विक्रम सिंह, पृथ्वी सिंह, मूलचंद, अजीत सिंह को कमेटी में शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कमेटी के सदस्य गांव की बनी में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई व रोड के साथ मिट्टी उठान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए कमेटी को पूर्ण अधिकार दिया गया तथा निर्णय लिया गया कि ऐसा करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाई जाएगी। इस मौके पर निवर्तमान सरपंच महिपाल सिंह, मनोज नंबरदार, सतबीर, रविंद्र, अजीत सिंह, विक्रम, रामकिशन सहित अनेक संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

# 900 करोड़ की मेडिकल कॉलेज की डीपीआर बनकर तैयार : लीला राम

### कहा: सभी सुविधाओं से लैस बनेगा मेडिकल कॉलेज

विकास कुमार कैथल। विधायक लीलाराम ने कहा कि जिला में जल्दी ही मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा। अगले महीने मार्च में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास होने की संभावना है। इस विषय पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत की गई, मुख्यमंत्री ने जल्द ही मैडिकल कॉलेज के शिलान्यास का आश्वासन दिया है। मेडिकल कॉलेज के लिए 900 करोड़ की डीपीआर बनकर तैयार हो गई है। विधायक लीलाराम ने अपने आवास पर बातचीत करते हुए कहा कि जिला में यह बहुत बड़ा मेडिकल संस्थान बनने जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। रोजगार के साथ-साथ कैथल के आसपास के क्षेत्र के

लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। वर्तमान में क्षेत्र के लोगों को मेडिकल संस्थान नहीं होने की वजह से चंडीगढ़, पटियाला,



रोहतक या दिल्ली जाना पड़ता है। जिले में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार होने से सभी लोगों विशेषकर जिला वासियों को सुविधाएं मिलेंगी। मेडिकल कॉलेज के संस्थान के पास ही महर्षि वाल्मीकि संस्कृत यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य भी चल रहा है। मेडिकल कॉलेज निर्माण से इलाके की तरक्की होगी और लोग खुशहाल होंगे। हल्का कैथल में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। खेत खलियान स्कीम के तहत खेतों के रास्ते पक्के किए जा रहे हैं। विधायक लीलाराम ने बताया कि हलके के सभी गांव में पीने के पानी की पाइप लाईन बिछाई जा रही है। यह बहुत ही बढि?া किस्म की पाइप है जिसकी लाइफ लगभग 100 साल तक है। इसमें ने तो पानी खराब होगा और ना ही यह पाइप टूटेगी। सरकार की योजना है कि हर घर में नल और हर नल में जल स्कीम के तहत हर व्यक्ति को पीने का पानी मुहैया कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि हरियाणा के 90 के 90 हलकों में समान रूप से विकास कार्य चल रहे हैं। हल्के में सभी सड?ों का निर्माण कार्य चल रहा है। कैथल से क्योड? तक अंबाला रोड पर फोरलेन का कार्य भी तेजी से चल रहा है। जल्दी ही पाडला रोड से मानस रोड, सिरटा रोड पटियाला रोड व खुराना रोड पर कार्य जल्दी शुरू कर दिया जाएगा। शहर में 15 करोड रुपए से जल्दी ही गलियों व धर्मशालाओं का निर्माण शुरू हो जाएगा। इन सभी कार्यों के टेंडर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ हरपाल शर्मा, राम कुमार नैन, संजय भारद्वाज, नरेश मित्तल, भाग सिंह खनोदा, शमशेर राठी, मक्खन सिंह डोहर, विकास कठवाड़, सतु कठवाड़, सुभाष शर्मा, शिशपाल गोरसी, मीनू तंवर, कुशल पाल सैन भी मौजूद रहे।

# 5 राज्यों में हो रहे चुनाव में भाजपा का होगा सुपड़ा साफ: रामचंद्र गुर्जर

### कहा: जनता भाजपा के हर अत्याचार का वोट की चोट पर देगी जवाब

वाटिका न्यूज कैथल।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के कुशल नेतृत्व में हरियाणा का हर वर्ग सहित विशेषकर युवा वर्ग कांग्रेस से जुड़ता जा रहा है और कांग्रेस हरियाणा में निरंतर तेज गति से मजबूत होती जा रही है। सुरजेवाला के हाथों में ही हरियाणा की जनता के हित सुरक्षित है, जो दिन रात बिना निस्स्वार्थ भाव से जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे है। उन्होंने दावा किया कि देश के 5 राज्यों में हो रहे चुनाव में जनता जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर कांग्रेस की सरकार बनाने का प्रण कर चुकी है। नई अनाज मंडी में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि



आज देश व प्रदेश की जनता भाजपा सरकार का असली जनविरोधी चेहरा पहचान चुकी है। कभी भाजपा जातपात के नाम पर तो कभी अपने तुगलकी फरमान जारी कर देश व प्रदेश की भोलीभाली जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सत्ता के नशे में हर वर्ग का जमकर शोषण कर रही है और किसान आंदोलन में धरतीपुत्रों से किए गए सभी वादों को लागू करने से मुकर रही है। जिस कारण किसानों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। कांग्रेसी नेता रामचंद्र गुर्जर ढांड ने आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते आज प्रदेश की जनता में हर तरफ त्राही-त्राही मची हुई है और सरकार बढ़ती महंगाई,

बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अपराध पर नकेल कसने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। चुनाव में जनहित में भाजपा द्वारा किए गए सभी दावे व वादे खोखले व जुमले साबित हुए है। सरकार से हर वर्ग का मोहभंग हो चुका है और जनता दोबारा कांग्रेस के राज को याद कर रही है।

## इनसो राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक संगठन भी है: शुभम गुप्ता

### इनसो कैथल ने पौधरोपण कर मनाया दिग्विजय चौटाला का जन्मदिन




वाटिका न्यूज कैथल। जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला का जन्मदिन इनसो कैथल ने पौधारोपण करके मनाया। इनसो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता व अल्पसंख्यक सेल के जिलाध्यक्ष बलविंद्र जसवंती ने नेतृत्व में पौधरोपण किया। शुभम ने कहा कि इनसो राजनीतिक दल के साथ एक सामाजिक संस्था भी है, जो सदैव समाजहित के साथ छात्र हित के कार्यों में निस्स्वार्थ भाव से आगे आकर समाजसेवा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय चौटाला ने छात्र की मांगों को लेकर समय-समय अनेकों लड़ाई छात्रों के लड़ी है। जजपा पार्टी की छात्र इकाई इनसो लगातार छात्र हित में अनेकों कार्य कर रही है। जिसका लाभ प्रदेशभर के छात्रों को सीधे तौर पर मिल रहा है। शुभम गुप्ता ने जननायक जनता पार्टी द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने को लेकर किए गए चुनावी वायदा पूरा होने को लेकर कहा कि हरियाणा के युवाओं को बराबर रोजगार का अधिकार दिलाने की दिशा में 75 फीसदी प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण कानून युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। जिसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ हरियाणा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की युवा हितैषी सोच को जाता है, क्योंकि जजपा पार्टी युवाओं की पार्टी है और युवाओं के हक अधिकार जजपा पार्टी में ही सुरक्षित है। इस कानून के लागू होने से हरियाणा प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

# रसोई में पड़े कूड़े को ना समझें बेकार, फल-सब्जियों के छिलके से बनाइए प्राकृतिक खाद: उपायुक्त प्रदीप गोदारा

### हरियाणा वाटिका सवांददाता संजय रामफल ने उपायुक्त प्रदीप गोदारा से की बातचीत

**संजय रामफल चरखी दादरी।** आइये आपको ऐसे उपायुक्त से रूबरू करवाते है जिन्होंने अपने घर मे सब्जियों उगा रखी है कभी बाजार से नही लाते ,जो मिलने आते है उनसे तो अपने हाथों से तैयार की सब्जी उनको उपहार स्वरूप भेट करते है जी उनका नाम प्रदीप गोदारा,जब हरियाणा वाटिका सवांददाता ने उनसे बातचीत की तो उन्होंने हँसते हुए कहा कि इंसान को दिन की शुरुआत एक अच्छे काम के साथ और एक अच्छी शरूआत के साथ सोना चाहिए आप पूरे दिन स्वस्थ अनुभव करोगे। पर्यावरण पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। ये शब्द उपायुक्त प्रदीप गोदारा ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि हमारे घर की रसोई से रोड़ाना कुछ ना कुछ गीला कूड़ा निकलता है जैसे फल और सब्जियों के छिलके, चायपत्ती, बचा हुआ खाना आदि। हम इस कूड़े को बेकार समझ कर फेंक देते हैं लेकिन अगर यह कूड़ा यदि ठीक तरह से फेंका ना जाए तो पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक होता है। प्रदीप गोदारा ने कहा कि गीला कूड़ा जब सड़ता है तो उससे कई तरह के विषाणु पैदा होते हैं जिससे पर्यावरण तो





दूषित होता ही है लेकिन साथ ही कई बीमारिया होने का भी खतरा रहता है। वहीं अगर रसोई से निकलने वाले कूड़े का सदुपयोग किया जाए तो इस तरह के कूड़े से आप अपने पेड़क्कपौधों के लिए प्राकृतिक खाद बना सकते हैं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में मदद भी कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि किस तरह आप रसोई में पड़े फल-सब्जियों के छिलके और अन्य कूड़े से खाद बना सकते हैं।

रसोई के कूड़े से बनाएं पौधों के लिए खाद घर पर खाद बनाने के लिए एक बड़ा सा मिट्टी का मटका या बाल्टी लें। अगर आपके पास खुली जगह है तो आप चाहें तो घर के पीछे एक छोटा सा गड्ढा (कम्पोस्ट पिट) भी खोद सकते हैं। सबसे पहले इस मटके या बाल्टी में थोड़ी सी मिट्टी बिछा दें। अब इसमें रसोई का गीला कचरा डालें जैसे फल या सब्जियोंके छिलके या टुकड़े, चाय बनाने में इस्तेमाल हुई चायपत्ती, बचा हुआ खाना आदि। उसके बाद इसमें सूखा कचरा जैसे सूखे पत्ते, लकड़ियां, भूसा आदि डालें। इसी तरह एक के बाद एक गीले कचरे और सूखे कचरे को थोड़ा-थोड़ा करके परतों में डालते जाएं। जब मटका या बाल्टी पूरी तरह सूखे और गीले कचरे के परतों से भर जाए तो उसे किसी प्लास्टिक या लकड़ी के फट्टे से ढक दें। समय-समय पर इसमें हाथों से पानी का छिड़काव करते रहें जिससे कंपोस्ट पिट के अंदर नमी बनी रहे। इस प्रक्रिया से एक महीने में खाद बनना शुरू हो जाएगी।

रसोई के कचरे से बनाएं प्राकृतिक खाद

खाद बनाने के लिए एक बड़ा सा मिटटी का मटका या गमला लें और इसके निचले हिस्से में अड़बार बिछा दें। अब इसमें सूखे पत्ते बिछा दें और पत्तों के ऊपर रसोई का गीला कचरा जैसे फल और सब्जियों के छिलके, बचा हुआ खाना, गीली चायपत्ती आदि डालें। अब कचरे के ऊपर फिर से पत्ते बिछा दें। यदि सूखे पत्ते ना हों तो लकड़ी या नारियल का बुरादा भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस प्रक्रिया से आप अपने पौधों के लिए घर के कचरे से प्राकृतिक खाद बना सकते हैं।

**रसोई के कूड़े और गोबर से बनाएं बढ़िया खाद**

कम्पोस्ट पिट बनाने के लिए लगभग तीन फुट लंबा और तीन फुट चौड़ा गड्ढा खोदें और इसमें पानी का छिड़काव करके मिट्टी को नरम कर लें। अब इस गड्ढे में करीब 30 सेंटीमीटर ऊँचाई तक रसोई का कचरा जैसे फल - सब्ड़ियों के छिलके, बचा हुआ खाना, गीली चायपत्ती व अन्य सूखा कूड़ा जैसे सूखे पत्ते, कागड़ के टुकड़े आदि बिछा दें। अब इसके ऊपर एक परत गोबर की बिछा दें और फिर से पानी का छिड़काव करें। इसके बाद फिर से कूड़ा-कचरा, पत्ते आदि डालकर गड्ढे को पूरी तरह भर दें। जब गड्ढा पूरी तरह भर जाए तो इ देश में रेड क्रॉस में से मिट्टी से अच्छी तरह बंद कर दें और समय-समय पर पानी डालते रहें। इस प्रक्रिया से तीन-चार महीने में घर कूड़े-कचरे से बढ़िया खाद बन कर तैयार हो जाएगी।

## पशु-प्रदर्शनीः

# पशुपालकों व किसानों की सुविधा के लिए बनाया बसों का रूट चार्ट

### जिला भिवानी से प्रत्येक दिन विभिन्न गांवों से आएंगी 70 बसें

अमित वालिया भिवानी। कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल के निर्देशानुसार स्थानीय सेक्टर 13 के सामने 25 से 27 फरवरी तक आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय पशु-प्रदर्शनी को लेकर पशुपालन विभाग ने बसों का रूट चार्ट तैयार कर दिया है। प्रत्येक बस पर विभाग के वीएस और वीएलडीए की भी ड्यूटी लगा दी है, जो इन बसों में पशु पालकों व किसानों को प्रदर्शनी में लेकर आएंगे ताकि किसान/पशुपालक प्रदर्शनी के माध्यम से पशुपालन और खेती से संबंधित नवीनत्तम जानकारी हासिल कर सकें। भिवानी में आयोजन होने के चलते प्रतिदिन भिवानी से 70 बसें आएंगी। इसके अलावा प्रदेशभर के अन्य जिलों से 80 बसें आएंगी।

उल्लेखनीय है कि भिवानी मुख्यालय पर सेक्टर 13 के सामने 38 वीं प्रदेश स्तरीय पुश-प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी के प्रथम दिन हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय 25 फरवरी को सुबह दस बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन दोपहर के सत्र में 12 बजे पुशपालन मंत्री भारत सरकार पुरुषोत्तम रूपाला मुख्य अतिथि होंगे। 26 फरवरी को प्रात. दस बजे केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्यान मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को प्रदर्शनी के समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। प्रदर्शनी के लिए प्रबंध निदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ. एसके बागोरिया और उप निदेशक एवं को-नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव राठी ने बताया कि प्रदर्शनी को लेकर बसों का रूट चार्ट भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला भिवानी से प्रतिदिन 70 बसें विभिन्न गांवों से पशुपालकों/किसानों को प्रदर्शनी में लेकर आएंगी और शाम उनको वापस छोडऩे जाएंगी। प्रत्येक बस पर वीएस और वीएडीएल की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक बस के रवाना होने का गांव भी निर्धारित किया गया है।

**25 फरवरी के लिए इस प्रकार रहेगा रूट चाटः**

25 फरवरी के लिए बनाए गए रूट चार्ट के अनुरूप लोहारू हल्के के ढाणी किशनलाल से चलने वाली बस ढाणी रामजस, ढाणी मिळी व गौशाला सिवानी के संचालकों को लेकर आएगी। इसी प्रकार से सिवानी, बड़वा से अलग से बसें चलेंगी। नलोई से चलने वाली बड़वा व रूपाना के पशुपालक को लेकर भिवानी आएग।

उन्होंने बताया कि गुरेरा से चलने वाली बस गुरेरा, ढाणी शीलावांली, देवसर, किकराल होते हुए भिवानी आएगी। सैनीवास से चलने वाली बस लीलस और बुद्धशैली होते हुए भिवानी आएगी। गैंडावास से चलने वाली बस बख्तावरपुरा, मोहिला होते हुए भिवानी पहुंचेगी। कालोद से चलने वाली बस गुढा के पशुपालकों को लेकर भिवानी आएगी। सिवाच से चलने वाली बस मंढोली खुर्द, कलाली, तलवानी होते हुए भिवानी आएगी। घंघाला से चलने वाली बस बिधवान, शेरपुरा, गढवा व खरकड़ी से होकर आएगी। मोतीपुरा से चलने वाली बस झुप्पां कलां व झुप्पा खुर्द होते हुए भिवानी आएगी। इसी प्रकार से मिळी से चलने वाली बस मतानी, मोरकां, गरवा होते हुए भिवानी आएगी। खेड़ा से चलने वाली बस धूलकोट, ढाणी हुनात, ढाणी धीरजा व ढाणी बल्हारा होते हुए भिवानी आएगी। दुल्हेड़ी से चलने वाली खरकड़ी सोहान व धारण होते हुए भिवानी पहुंचेगी।

गांव दरियापुर से चलने वाली बस गारनपुरा कलां व गारनपुरा खुर्द और पिंजोखरा होते हुए भिवानी पहुंचेगी। बिडोला से चहले वाली बस छपार, सरल, खरकड़ी व झांवरी होते हुए भिवानी आएगी। संडवा से चलने वाली बस पटोदी, थिलौड़, आलमपुर, लक्ष्मणपुरा होते हुए भिवानी आएगी। जैनावास से चलने वाली बस मंढाण होते हुए भिवानी आएगी। एक बस कैरू से चलेगी। निगाणा कलां से चलने वाली बस निगाना खुर्द होकर भिवानी आएगी। भेरा से चलने वाली बस सिढाण व झुली होते हुए भिवानी पहुंचेगी। बजीणा से चलने वाली रिवास, ढाणी रिवासा, दांग कलां व दांग खुर्द से होते हुए भिवानी आएगी। सोरड़ा जदीद से चलने वाली बस नांगल व पाजू होते हुए भिवानी आएगी। सिरसी से चलने वाली चहड़ ख़ुर्द होकर भिवानी आएगी। चहड़ कलां से चलने वाली बस बिठन होते हुए भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार से सुधीवास से चलने वाली बस पातवान और बहल व सेरला होते हुए भिवानी आएगी। सुरपुरा कलां से चलने वाली सुरपुरा खुर्द, बहल व सरेला होते हुए भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार से बहल से एक बस अलग से चलेगी।

डॉ. बागोरिया व डा. राठी ने बताया कि सोरड़ा कदीम से चलने वाली बस शहजामानपुर, बहल, सेरला होते हुए भिवानी पहुंचेगी। लोहारू से एक बस अलग से चलेगी। उन्होंने बताया कि सोहासंड़ा से चलने वाली बस फरटिया भीमा, फरटिया केहर से होते हुए भिवानी पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि ढाणी ढोला से चलने वाली बस गागड़वास होते हुए भिवानी आएगी। अहमदवास से चलने वाली बस दादरी रोड़ होते हुए भिवानी आएगी। बारवास से चलने वाली बस बसीरवास, झुप्पा खुर्द, झुप्पा कलां व गिगनाऊ होते हुए भिवानी पहुंचेगी। ढाणी जोगी से चलने वाली बस शेहर होते हुए भिवानी आएगी। दमकोरा से चलने वाली बरालू होते हुए भिवानी आएगी। कुशलपुरा से चलने वाली बस गोठड़ा होते हुए भिवानी पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि झांझड़ा श्योराण से चलने वाली बस गिगनाऊ होते हुए भिवानी आएगी। ढिगावा शामियान से चलने वाली बस ढिगावा जाटान व कुडलबास व कुड़ल होते हुए भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार एक बस सिंघानी से चलेगी। खरकड़ी से चलने वाली बस मनफरा होते हुए भिवानी पहुंचेगी। बुढेड़ी से चलने वाली बस पहाड़ी व नकीपुर होते हुए भिवानी पहुंचेगी। अमीरवास से चलने वाली बस बढेड़ा होते हुए भिवानी आएगी। बड़दू जोगी से चलने वाली बस बड़दू मुगल व बड़दू नई होते हुए भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार से सुरपुरा कलां व मंढोली से एक बस चलेगी। कासनी कलां से चलने वाली बस कासनी खुर्द होते हुए भिवानी आएगी। इसी प्रकार से ओबरा से एक बस चलेगी। शहरयारपुर से चलने वाली बस सलेमपुर होते हुए भिवानी आएगी। बिधनोई से चलने वाली बस नूनसर होते हुए आएगी। गोपालवास से चलने वाली बस हरियावास व सिधनवा होते हुए भिवानी आएगी। बैरान से चलने वाली बस लाडावास होते हुए किसानों/पशुपालकों को लेकर भिवानी पशु-प्रदर्शनी में पहुंचेंगी।

# दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर जेजेपी कार्यालय में कटा केक



### गरीब बच्चों में वितरित किए गए फल

**रणबीर खटक सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला के जन्मदिन को जिले में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने केक काटकर एवं गरीब बच्चों में फलाहार वितरित कर हर्षोल्लास से मनाया। पार्टी के जिला के वरिष्ठ पदाधिकारियों की ओर से जेजेपी के जिला कार्यालय में जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर केक काटा और उनकी दीर्घायु व बेहतरी की कामना की। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि दिग्विजय सिंह चौटाला युवाओं के आदर्श हैं क्योंकि उन्होंने आरंभ से ही युवाओं के बेहतरीन भविष्य के लिए संघर्ष करते हुए उन्हें अधिकाधिक सुविधाएं दिलाने का कार्य किया।

दिग्विजय सिंह चौटाला ने ग्रामीण आंचल की छात्राओं की शिक्षा एवं उन्हें शहरों में स्थापित शैक्षणिक स्थलों तक आने जाने में परिवहन सेवाओं का प्रबंधन करवाना प्रमुख है। छात्र संघ के चुनावों के लिए किया गया उनका संघर्ष अनुकरणीय है। सभी पार्टी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि उनके संघर्षशील व्यक्तित्व से प्रभावित होकर हरियाणा का युवा प्रदेश की शुचितायुक्त राजनीति में अपनी ज्यादा से ज्यादा भागेदारी सुनिश्चित करेगा। जेजेपी के जिला कार्यालय में केक काटने के बाद सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गरीब बच्चों में जाकर फलाहार वितरित किए।

## अनियंत्रित होकर ट्रक गड्ढे में पलटा



वाटिका न्यूज पुन्हाना। पुन्हाना से सिंगार गांव की तरफ जा रहा एक ट्रक सामने से आ रही एक गाड़ी को साइड देने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। गड्ढे में गिरने के वजह से ड्राइवर को मामूली चोटे लगी है। जिसे ईलाज के लिए उसे पास के नजदीकी अस्पातल ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर रफीक निवासी गांव सिंगार पुन्हाना की ट्रक मार्किट से अपनी गाड़ी की सर्विस कराकर अपने गांव सिंगार वापिस लौट रहा था। जब वह एसडीवीएन स्कूल के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक गाडी के पीछे से ओवरटेक करती हुई आ रही दूसरी तेज रफ्तार गाडी को साइट देने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जाने की वजह से पलट गया। वहीं ट्रक की टक्कर से सड़क किनारे खड़ा बिजली का खंभा भी टूट गया। घटना के दौरान मौके पर देखने वालों की भीड़ जुट गई। आसपास के लोगों ने ट्रक चालक को गाड़ी से निकालकर निजी अस्पताल में ईलाज के लिए भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चालक को घर भेज दिया।

## मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अब 22 फरवरी तक पंजीकरण करवाए किसान- उपायुक्त पार्थ गुप्ता



वाटिका न्यूज यमुनानगर। किसानों को अपने कृषि उत्पादों को मंडियों में बेचने तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के हित में 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण 22 फरवरी तक किया जा सकता है। पहले यह पंजीकरण 15 फरवरी तक किया जा सकता था जिसकी तिथि अब बढ़ा कर 22 फरवरी कर दी गई है।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के अंतर्गत किसान अपनी खेती का पूरा विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर सब्मिट कर सकते हैं, जिससे समय पर सरकार द्वारा उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि जो किसान पोर्टल पर रबी सीजन की फसलों का रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते हैं वे 22 फरवरी तक अपनी रबी की फसलों का ब्यौरा इसमें दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

उपायुक्त ने बताया कि कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कई तरह की योजनाओं शुरू की गई है। इन्हीं योजनाओं में से एक मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रत्येक किसान की फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाना अनिवार्य किया हुआ है।

# कृषि मंत्री ने आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ तत्परता से मुहैया करवाने के लिए किया सीएससी सेंटर का उद्घाटन

अमित वालिया लोहारू। प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ तत्परता से मुहैया करवाने के लिए रविवार को अपने निवास पर सीएससी सेंटर का उद्घाटन किया।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने सीएससी सेंटर के शुभारंभ अवसर संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सीएससी सेंटरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ मुहैया करवाया जा रहा है। सीएससी सेंटरों के माध्यम से आमजन को सेवाओं का लाभ निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की सेवा प्रकोष्ठ द्वारा सीएससी सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। लोहारू विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश का का 36 वा सीएससी सेंटर शुरू किया गया है। इन सीएससी सेंटरों के माध्यम से सरकार की 136 सेवाओं का लाभ लोगों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएससी सेंटर के माध्यम से किए जाने वाले नागरिकों के कार्यों से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आई है।

सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश खोला ने कृषि मंत्री का स्वागत करते हुए सीएससी सेंटरों के माध्यम से नागरिकों को प्रदत्त की जा रही सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोंजक सतीश खोला ने सी एस सी सेंटरों पर दी जाने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी इस से पूर्व श्री खोला ने परिवार पहचान पत्र कार्यशाला आयोजित की परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन के लिये सोशल वर्करों का सभी बूथों पर पंजीकरण किया। कृषि मंत्री के निवास पर हवन यज्ञ के साथ विधिवत रूप से कृषि मंत्री निवास का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, वीरेंद्र कौशिक, रविंदर मंढोली, राजीव श्योराण,कैप्टन रामफल श्योराण, कृषि मंत्री के निजी सचिव जेपी दुबे सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अधिक दहेज के लिए महिला के साथ मारपीट का केस दर्ज

वाटिका न्यूज पुन्हाना। बिछौर थाना एरिया के गांव नई की एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ अधिक दहेज के लिए मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर कराया है। पुलिस ने पीि?ता की शिकायत पर ससुराल के 4 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच अधिकरी राजकुमार ने बताया कि महिला ने बताया कि उसकी शादी करीब 5 साल पहले मथूरा जिले के गांव शाहापुर नंगला थाना छाता निवासी कमरूदीन के साथ मुस्लिम रीति रिवाजों के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसके ससुराल के लोग उससे अधिक दहेज मे गा?ी की मांग के चलते मारपीट करते थे। जब उनकी डिमांड को पूरी नहीं किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर पति सहित ससुराल के 4 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

# संत समागम में शिक्षा मंत्री कंवरपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद रतनलाल कटारिया ने की 11-11 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा



वाटिका न्यूज यमुनानगर/बिलासपुर। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी का 645 वां प्रकाशोत्सव श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास जी कपाल मोचन में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री कंवरपाल व समारोह की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबाला लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया मौजूद रहे।

संत समागम में शिक्षा मंत्री कंवरपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद रतनलाल कटारिया ने की 11-11 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की। विशाल संत समागम में गांव गुलाब नगर ,जगाधरी,सढौरा, दोसड़का,लेदी सहित जिला यमुनानगर के गांव गांव से व अन्य जिलो से व दूसरे प्रदेशो से सुंदर सुंदर झांकियों में अमृतवाणी का पाठ करते हुए व कीर्तन करते हुए साध संगत श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास में पहुंची। विशाल संत समागम में पहुंचने पर गुरु संत श्री निर्मल दास जी महाराज ने शिक्षा मंत्री कंवरपाल,पूर्व केंद्र मंत्री रतनलाल कटारिया,भाजपा नेता दाताराम,भाजपा नेता सोमप्रकाश नम्बरदार ,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ,जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट को सिरोपा भेंट करके सम्मानित किया। गुरू संत श्री निर्मल दास जी महाराज ने अपने सम्बोधन में बताया कि श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास जी अब तक आंखों के अनेको निशुल्क शिविर आयोजित कर चुका है ,यहां छात्रावास में रहकर सैकड़ों छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां पर 24 घंटे निशुल्क गुरु का लंगर चलाया जा रहा है, यहां अनेकों प्रकार के धार्मिक व सामाजिक कार्य भी सफलतापूर्वक आयोजित किए जाते हैं जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिकता व प्रेम,सौहार्द का वातावरण पनप रहा है। डेरा आगे भी इसी प्रकार के धार्मिक सामाजिक कार्य बढ़ चढ़कर कार्य करता रहेगा।

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की वाणी हम सब के लिए अमृत के समान है ,उनके बताए गए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही मानवता का भला हो सकता है, हम सबको संत गुरु रविदास जी की शिक्षाएं अपने जीवन में धारण करनी चाहिए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व अंबाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि उनके राजनीतिक जीवन पर संत श्री गुरु रविदास मंदिर डेरा बाबा लाल दास जी की विशेष कृपा रही है ,उनका सानिध्य उनका आशीर्वाद स्नेह हमेशा से प्राप्त रहा है आज मैं जो कुछ भी है उनके आशीर्वाद की बदौलत ही हूँ, अंबाला लोकसभा सांसद रतनलाल कटारिया ने कहा कि वह बचपन से ही संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज के भजन स्मरण किया करते थे ,गुरू जी के विचारों के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा रही है।

# नाच गाने के दौरान चली गोलियां, एक युवक के पेट में लगी

### शादी से एक दिन पहले परिवार ने गांव में रखा था नाच गाने का प्रोग्राम

### गोली लगने के बाद युवक को नल्हड मेडिकल में कराया गया भर्ती

वाटिका न्यूज पुन्हाना।

पुन्हाना सिटी चौकी एरिया क गांव पैमाखे?ा में शादी समारोह में हो रहे नाच गानों के दौरान अचानक किसी बात को लेकर चली गोलियों से अफरातफरी मच गई। गोली पास में ख? एक व्यक्ति के पेट मे लगी जिसे पुन्हाना अस्पताल में दाखिल कराया जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए शहीद हसन खान नल्हड़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गोली लगने से ईलाज के दौरान उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के समय अन्य दो व्यक्ति भी घायल होने की सूचना है, जिनका पुन्हाना के सामुदायिक अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। सूचना पर सिटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तब तक मामला शांत हो चुका था। समाचार लिखे जाने तक गोली चलाने की घटना को लेकर पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैमाखेड़ा गांव निवासी आजाद के पुत्र की शादी थी। शादी में परंपरा के अनुसार रात में नाच गाने का कार्यक्रम था। इस दौरान आस-पास के गांवों से भी कुछ युवा नाच को देखने के लिए आए थे। उसी दौरान किसी बात को लेकर कार्यक्रम में कहासुनी हुई। जिसके बाद एक युवक ने अवैध हथियार से वहां गोली चला दी। गोली चलने के बाद कार्यक्रम में अफरा तफरी और भगदड मच गई। गोली पास में खड़े गुलालता गांव निवासी मुबारिक पुत्र शरीफ के पेट मे लगी। जैसे ही गोली की सूचना स्थानीय पुलिस तक पहुंची तब तक मामला शांत हो चुका था। घटना के बाद ग्रामीणों की तरफ से पुलिस को भी गोली चलने के विवाद को लेकर कुछ नहीं बताया गया। पुन्हाना सिटी चौकी इंचार्ज अमित कुमार का कहना है कि घटना को लेकर उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने के बाद ही पुलिस कार्यवाही की जाएगी। गोली किसने और किस विवाद को लेकर चली यह शिकायत मिलने पर जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

## संपादकीय

# हिजाब: सिर्फ औरतें चेहरा क्यों छिपाएँ?

कर्नाटक के उच्च न्यायालय में हिजाब के मुद्दे पर अभी बहस जारी है लेकिन अंतरराष्ट्रीय इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) ने भारत के खिलाफ अपना बयान जारी कर दिया है। उसने पहले धारा 370 हटाने के विरोध में भी बयान जारी किया था। पाकिस्तान के मुल्ला-मौलवी और नेता भी एकतरफा बयान जारी करने में एक-दूसरे से आगे निकल रहे हैं। कर्नाटक की अदालत में हिजाब का पक्ष रखनेवाले वकील हिंदू हैं और वे जो तर्क दे रहे हैं, वे ऐसे हैं, जिन पर खुले दिमाग से विचार किया जाना चाहिए। उनका तर्क यह है कि जब हिंदू औरत के सिंदूर, बिंदी और चूड़ियों, सिखों की दाढ़ी-मूंछ और पगड़ी तथा ईसाइयों के क्रॉस पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है तो मुस्लिम महिलाओं के बुर्के और हिजाब पर प्रतिबंध की क्या तुक है? क्या ऐसा करना पूर्णतः सांप्रदायिक कदम नहीं है? क्या यह इस्लाम और मुसलमानों पर सीधा आक्रमण नहीं है? हिजाब के बहाने यह मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा से वंचित करने का कुप्रयास नहीं है? ये तर्क बहुत वाजिब दिखाई पड़ते हैं लेकिन अभी कर्नाटक में हिजाब के सवाल ने जैसा सांप्रदायिक और राजनीतिक रुप धारण कर लिया है, यदि हम उससे ज़रा अलग हटकर सोचें तो यह मूलतः नर-नारी समता का सवाल है! यदि हिजाब धार्मिक चिन्ह है तो इसे औरतों के साथ-साथ मर्द भी क्यों नहीं पहनते? आजकल औरत और मर्द- सभी मुखपट्टी (मास्क) पहनते हैं, वैसे ही वे हिजाब भी पहन सकते हैं। सिर्फ औरतें ही क्यों हिजाब पहनें? उनका गुनाह क्या है? और फिर मुस्लिम औरतों को ही यह सजा क्यों है ? हिंदू और ईसाई औरतें भी इसे क्यों नहीं पहनें? हिजाब, बुर्का, घूंघट, सिंदूर, बिंदी, चूड़ी, भगवान दुपट्टा आदि इनमें से किसी भी चीज को पहनने का आदेश किसी ईश्वर, अल्लाह या अहुरमज्द का नहीं है। ये सब परंपराएं मुनष्यों की बनाई हुई हैं और ये देश-काल के मुताबिक चलती हैं। हिजाब और बुर्के का औचित्य डेढ़ हजार साल पुराने अरब देश में बिल्कुल ठीक था लेकिन आज की दुनिया में इसका कोई महत्व नहीं रह गया है। यदि हिजाब और बुर्का इस्लाम का अनिवार्य अंग है तो क्या बेनज़ीर भुट्टो, मरियम नवाज शरीफ, शेख हसीना, काबुल की शहजादियां मुसलमान नहीं हैं? मैंने तो उन्हें कभी भी अपना चेहरा छिपाते हुए नहीं देखा! शरीर के गुप्तांग औरत और मर्द सभी ढकें, यह तो जरुरी है लेकिन चेहरे को छिपाए रखने की पीछे तर्क क्या है? चेहरा तो आपकी पहचान है। चेहरा तो वो ही छिपाता फिरता है, जो चोर, डाकू, तस्कर या अपराधी हो। किसी तिलक, बिंदी, चोटी, जनेऊ, दाढ़ी-मूंछ, पगड़ी, दुपट्टा, तुर्की टोपी, शेरवानी, सलवार-कमीज, गतरा (अरब), चोंगा (ईसाई), किप्पा (यहूदी टोपी) आप पहनना चाहें तो जरुर पहनें। आप अपनी मजहबी या सांप्रदायिक या जातीय पहचान का दिखावा करना चाहते हैं तो जरुर करें। लेकिन कोई भी औरत या मर्द अपना मुंह क्यों छिपाए? मुखपट्टी तो जैन मुनि भी लगाते हैं लेकिन उसका उद्देश्य अपना मुंह या पहचान छिपाना नहीं है बल्कि उनकी गर्म सांस से कोई जीव-हिंसा न हो जाए, उनका यह उद्देश्य रहता है। औरतों पर हिजाब, नकाब और बुर्का लादना तो उनकी हैसियत को नीचे गिराना है। मुस्लिम कन्याओ को छात्र-काल से ही हीनता-ग्रंथि से ग्रस्त कर देना कहां तक ठीक है? मुस्लिम कन्याओं का मनोबल भी उतना ही ऊंचा रहना चाहिए, जितना देश की अन्य लड़कियों का रहता है। क्या वे भी भारत माता की प्रिय बेटियां नहीं हैं?

# हारा वही जो लड़ा नहीं

अरविन्द प्रेमचंद जैन

जब कभी किसी को दृष्टि बाधित ,मूक बहिर,या विकलांग देखते हैं य होते हैं तब कभी कभी सामान्य रूप से दर्शन शास्त्र के आधार पर हम उस जीव को पूर्व जन्म का फल कहा कर संतुष्ट हो जाते हैं या कर्मों का फल कह देते हैं .कोई कोई रोगग्रस्त होने कारण उसके शिकार हो जाते हैं .उन्हें दिव्यांग भी कहते हैं .पर बहुत अधिक शोधों से यह जानकारी उपलब्ध होती हैं की यदि उनको किसी अंग से बाधित होते हैं तो उनमे अन्य कोई कौशल या कुशलता मिलती हैं या पायी जाती हैं .जैसे कोई गायन में ,लेखन में ,वाद्य संयोजन में ,रचनात्मक क्रिया कलापों में पारंगत /प्रवीण होते हैं .संभवतः इन्द्रियों द्वारा उस कमी की पूर्ती कर देती हैं .कभी कभी हमारी सोच उन्हें हिकारत की निगाह से देखते हैं यह मानसिक विकलांगता का घोतक हैं .

ऐसी ही गुमनामी दुनिया में कई छुपी हस्तियां जिनको सही अवसर /प्लेटफार्म नहीं मिलता वे उजागर नहीं हो पाती और किसी को समुचित अवसर मिलने पर जनसामान्य दांतो तले अंगुली दबा लेते हैं .वे बहुत ही हैरतअंगेज कारनामे . प्रस्तुतियां देकर आश्चर्य चकित कर देते हैं आज इसी तरह की छुपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिला और उनसे मोबाइल पर जानकारी चाही ,वे हैं स्वंतत्र प्रभा जैन ,जबलपुर जो शिशुकाल से पोलियो ग्रस्त होने के कारण जो मानसिक ,सामाजिक के साथ व्यक्तिगत त्रासदी झेली उसका अनुभव सांझा कर रहा हूँ श्रीमती स्वतंत्र प्रभा का जन्म स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता के बाद हुआ था .उनका बचपन बहुत अच्छा रहा पर डेढ़ वर्ष की अवस्था में वे दाहिने पैर से पोलियो ग्रसित हुई .अबोध अवस्था में कोई बात समझ में नहीं आयी .जब उनका प्रवेश प्राइमरी स्कूल में हुआ तब उस रोग का अहसास हुआ जब संगी साथियों ने उनका उपहास उड़ाया .इस समय उनकी माता श्रीमती स्वर्गीय रूपवती जैन किरण जो अपने समय की कवयित्री ,लेखिका ,नाटककार रचनाधर्मी के साथ धार्मिक थे ने कहसा शिक्षिका को पत्र लिखकर स्वत्रंत का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया .शिक्षिका शांति बहिनजी ने उनक मनोबल बढ़ाया और सुरक्षा दी .शाला के कार्यक्रम के स्वतंत्र को अपनी गायन प्रतिभा दिखाने का मौका मिला .उसके बाद 6 से 8 कक्षा में श्री अग्रवाल सर ने संगीत में रूचि देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया और शालाओं में होने वाले कार्यक्रमों में उनके द्वारा गायन की प्रस्तुति कराई जाती थी .

श्रीमति स्वंत्रत प्रभा ने वार्षिक कार्यक्रमों में गायन नाटक भाषण में भाग लेती रही पर डांस में रूचि होने पर असमर्थ रही इसका मलाल उन्हें अभी भी हैं .उन्होंने बी ए संगीत ,संस्कृत और फिलासफी से पास किया .इस समय जबलपुर शहर की प्रमुख संस्था होम साइंस कॉलेज में अध्ययन रत वे ग्रुप सांग में रहकर कर्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया और उन्हें बहुत सम्मान और यश मिला .एम. ए.मनोविज्ञान में करने के उपरान्त उन्होंने रेडियो और बाद में बुंदेली गीतों ,भजनो द्वारा अपना नाम कमाया .इसी दौरान उनकी नियुक्ति मिलिटरी में ऑडिटर के रूप में हुई . उनकी माँ के निधन और शादी होने की जिम्मेदारियां साथ ,पारिवारिक सहयोग से उनके द्वारा प्रदेश और अन्य प्रदेशों में अपनी प्रस्तुतियां दी और ख्याति मिली .उनके द्वारा एकल प्रिंटिंग का प्रदर्शन रानी दुर्गावती संग्रहालय में किया गया जिसकी बहुत प्रशंसा मिली दो पुत्रों के जन्म के उपरांत बच्चों के ललन पालन और पारिवारिक जिम्मेदारयों के कारण अपनी प्रतिभा को विराम दिया .दोनों पुत्र बहुत ही सुयोग्य और उनकी बहुएं बहुत सुशील हैं .वे अब उन्हें प्रोत्साहित करती रहती हैं वर्ष 2009 में सीनियर ऑडिटर पद से सेवा निवृत होने के बाद पारिवारिक जिम्मेदारियां यानी नाती नातिन की देखभाल .लालन पालन में सहयोग देती रहती हैं कुछ समय से उनके पूर्व साथी से मिलना हुआ और उनके सहयोग से उन्होंने गायन में अपनी प्रतिभा दिखाकर सबको अचंभित कर दिया प्रतिभा को उजगार करने के लिए उचित समय और अनुकूल वातावरण मिल जाए तो दिव्यांगता को बाधा नहीं होती हैं .उनके द्वारा वर्तमान में जो प्रस्तुतियां दी जा रही हैं वे कबीले तारीफ हैं।

# बेहद अलग से दिख रहे हैं 5 राज्यों के चुनाव

ऋतुपर्ण दवे

**क्या पाँच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव वाकई देश की राजनीति में नया प्रयोग का रास्ता बनने जा रहे हैं। यूँ तो अब तक इस मिथक को तोड़ नहीं जा सका है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। काफी हद तक सही भी है। उत्तर प्रदेश के उत्तराखण्ड में बँट जाने के बाद भी हैसियत में किसी प्रकार की कोई कमीं नहीं आई। लेकिन राजनीतिक दलों के बनते, बिगड़ते समीकरणों से नया कुछ होने के आसार से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह तो सही है कि जीतेगा तो लोकतंत्र लेकिन सत्ता की कुर्सी पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में ऊँट किस करवट बैठेगा कहना मुश्किल जरूर है।**

देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने वाले अकेले उत्तर प्रदेश की हैसियत 10 मार्च को किस मोड़ पर होगी, अभी कयास ही हैं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के हालात काफी अलग हैं। सीधी टक्कर सत्ताधारी भाजपा व सहयोगियों तथा सपा व सहयोगियों के बीच है। बसपा और काँग्रेस मैदान में जरूर हैं पर रेस में दिखते नहीं। 2017 की तरह इस बार किसी लहर का कहर न होने से बाँकी दलों की आस बची हुई है। हाँ, इस बात से इंकार नहीं कि चुनावी नतीजे 2017 से इतर होंगे। उत्तर प्रदेश की सियासत का एक अलग मिजाज है। राजनीतिक दल उम्मीदवारों को स्थानीय उम्मीदों व जातीय आधार पर तय करते हैं। अगड़े-पिछड़े और दलित मतदाताओं की भूमिका की छाप सबसे ज्यादा यहीं दिखती है। वोट कटवा, बी पार्टी, डमी कैण्डिडेट और धार्मिक मुद्दों पर जैसी संवेदनशीलता उत्तर प्रदेश में दिखा करती है, वैसी दूसरे राज्य में उतनी नहीं। इस कारण भी इस बार के चुनाव काफी अलग हैं। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि अयोध्या विवाद निपटारे के बाद, तेजी से बन रहे राम मंदिर और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का वादा कि साल 2023 में गर्भ गृह में रामलला को विराजमान होंगे चुनाव में असर डालेगा। हिजाब का मसला भी ऐन चुनावों के वक्त भले ही सोची समझी चाल या महज इत्तेफाक हो लेकिन अलग ढ़ंग से भंजाने की कोशिशें होंगी। उत्तर प्रदेश के पहले चरण और दूसरे चरण के मतदान के बाद राजनीतिक दलों के दावे कुछ भी हों लेकिन नतीजों का पिटारा खुलने के बाद ही समझ आएगा कि उत्तर प्रदेश का देश की राजनीतिक धारा मे कैसा दबदबा बना।

उत्तराखण्ड की सभी 70 व गोवा की 40 सीटों के चुनाव भी 14 फरवरी को निपट जाएंगे। यहाँ चुनाव से ठीक पहले यहाँ भी हिजाब विवाद के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का वादा कि भाजपा सरकार बनी तो शपथ ग्रहण के तुरंत बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कराने खातिर ड्राफ्ट कमेटी बनेगी जिसके दायरे में विवाह, तलाक, जमीन जायदाद व उत्तराधिकार के मामले भी शामिल होंगे, बड़ा राजनीतिक पैंतरा माना जा रहा है। भाजपा ने उत्तराखण्ड में बड़े-बड़े प्रयोग करते हुए चार साल के कार्यकाल में तीन मुख्यमंत्रियों बदले। धामी उनमें सबसे नए हैं। यहाँ आम आदमी पार्टी मुफ्त बिजली और दिल्ली पैटर्न का प्रचार कर अपनी जड़ें जमाने तो काँग्रेस साख बचाने के लिए संघर्षशील दिखी। लेकिन सत्ता के संघर्ष को लेकर ज्यादा कुछ बदले ऐसा लगता नहीं। सुन्दर समुद्र तटों और एक अलग तरह के खुलेपन के लिए मशहूर गोवा में भाजपा के लिए चुनौती पेश करने की कोशिशें कितनी सफल या विफल होती हैं, नतीजे बताएंगे। लेकिन हाँ इतना जरूर है कि मनोहर पर्रिकर जैसे ईमानदार नेता की कमीं जरूर गोवा वासियों को टीसती रही। पहली बार टीएमसी की धमाकेदार एँट्री से राजनीतिक समीकरण शुरू में जरूर बदलते दिखे। लेकिन जल्द ही कइयों की रुखसती से बड़े करिश्मे की उम्मीद बेकार है। आम आदमी पार्टी भी यहाँ पूरी दमखम से चुनावी मैदान में दिखी जिसका फायदा तय है। लेकिन शिवसेना की गोवा में एँट्री और 10 सीटों पर उम्मीदवारी से सत्ता तक पहुँचने वालों को कितनी मशक्कत करनी पड़ेगी यह वक्त बताएगा। मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल के निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद पणजी सीट से शिवसेना ने उम्मीदवार वापस कर भविष्य के बड़े संकेत जरूर दे दिए हैं। काँग्रेस कहाँ होगी? क्या इस बार सत्ता तक पहुँच पाएगी, इस पर संदेह सभी को है। हाँ आत्मविश्वास से लबरेज अरविन्द केजरीवाल यहाँ भी दिल्ली सरकार का उदाहरण और सरकारी सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी से भृष्टाचार के पूरी तरह खात्मे का भरोसा दिलाकर 24 घंटे फ्री बिजली देने का चुनावी वायदा कितना दमदार रहा यह मतपेटियों के खुलने के बाद दिखेगा। इस बार पंजाब की राजनीति एक त्रिकोण में जरूर फंसी दिखी। कैप्टेन अमरिंदर की काँग्रेस से विदाई और भाजपा से दोस्ती तो सिध्दू के अलग-अलग तेवरों बीच ऐन चुनाव से ठीक पहले दलित कार्ड खेलकर नए मुख्यमंत्री चन्नी को फिर से मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट करना पंजाब की राजनीतिक हवा का कितना रुख बदल पाएगा नहीं पता। वहीं आम आदमी पार्टी का भी भगवन्त मान को मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट कर मतदाताओं को लुभाना राजनीति में नया प्रयोग जरूर है। लेकिन लोकतंत्र से इतर है क्योंकि विधायकों के बने बिना ही हक छीनना बेजा लगता है। भाजपा और अकाली दल आज भले ही एक दूसरे के प्रतिद्वन्दी हों लेकिन दखल और धमक की अनदेखी करना बड़ी भूल होगी। पंजाब में सरकार किसी एक दल की होगी या फिर चुनावों के वक्त के बाद कट्टर विरोधी मिल जुलकर सत्ता में बैठेंगे देखने लायक होगा। लजीज पंजाबी डिशेज, मशहूर लस्सी के बीच ड्रग्स की सियासत से पंजाब की अलग बनती छवि का असर चुनावों पर असर दिख रहा है। मणिपुर की 60 सीटों पर दो चरणों में 28 फरवरी और 5 मार्च को चुनाव होंगे। मणिपुर हिन्दू बहुल राज्य है और आखीर में चुनाव है। सो देश के नामी गिरामी चेहरों की शिरकत तय है। 28 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद काँग्रेस सत्ता से दूर रह गई। जबकि 21 सीटें जीत भाजपा ने स्थानीय दलों व विधायकों से गठजोड़ कर सत्ता हासिल कर ली।

# बायो सीएनजी प्रोजेक्ट - स्वच्छ भारत और रोजगार सृजन के लिए एक बहुमुखी समाधान

गौरव केडिया
अध्यक्ष, भारतीय बायो गैस एसोसिएशन

बायोगैस/ बायो सीएनजी एक अक्षय ऊर्जा उद्योग के रूप में उभर रहा है जो कृषि, औद्योगिक, पशु और नगरपालिका के जैविक कचरे को ऊर्जा में परिवर्तित करता है। देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के अलावा, यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को विनियमित करने, प्रदूषण को कम करने और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार करने में भी मदद करता है। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन के अनुसार, भारत में बायोगैस उत्पादन की 1,108 (टेरा वाट-घंटे) की क्षमता है, जिसे संशोधित करके बायो सीएनजी में बदला जा सकता है एवं ग्रीन फ्यूल की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। यह उद्योग श्रम प्रधान है व कुशल और अकुशल दोनों श्रेणियों में रोजगार के अवसर प्रदान कर सकता है। बायोगैस उद्योग तीन अलग-अलग श्रेणियों में रोजगार पैदा कर सकता है। रोजगार की पहली श्रेणी बायोगैस परियोजनाओं में प्रत्यक्ष रोजगार है, जिसमें फसल उत्पादन, निर्माण, बायोगैस संयंत्रों के संचालन और रखरखाव और परिवहन के लिए आवश्यक सभी जनशक्ति शामिल हैं। दूसरी श्रेणी बायोगैस ईंधन चक्रों में निवेश के कारण अर्थव्यवस्था में उत्पन्न अप्रत्यक्ष रोजगार है। अप्रत्यक्ष नौकरियां मुख्य रूप से सहायक उद्योगों जैसे उपकरण निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं, आदि में हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अलावा, बायोगैस उद्योग में प्रेरित रोजगार पैदा करने की क्षमता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से काम के अवसरों के माध्यम से राजस्व में वृद्धि के परिणामस्वरूप उत्पादों और सेवाओं की मांग में वृद्धि हो सकती है।

स्वच्छ भारत मिशन में एमएसडब्ल्यू से बायो सीएनजी बनाने को प्रोत्साहित किया गया है। सतत योजना के अंतर्गत जैविक कूड़े से बनने वाली बायो सीएनजी के लिए अनिवार्य रूप से खरीददता है। एमएसडब्ल्यू से बायो सीएनजी बनाना सर्कूलर इकॉनमी एवं वेस्ट टू वेल्थ का एक उत्कर्षट उदाहरण है, जो नगर निकायों को न सिर्फ जैविक कूड़े से मुक्ति दिलाएगा अपितु गैस की बिक्री से राजस्व भी अर्जित करेगा। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन के अनुसार, भारत में मुख्यत~ छोटे बायोगैस सयंत्रो का वर्चस्व है। देश में, 48,00,000 से अधिक बायोगैस इकाइयाँ हैं, जो अर्ध-कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों को रोजगार देती हैं। आने वाले वर्षों में संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, क्योंकि सरकार का जैविक खेती और नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर व्यापार को आगे बढ़ाएगा। 2018 में, भारत सरकार ने सतत(सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन) योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य विभिन्न बायोमास स्रोतों से संपीड़ित बायोगैस उत्पादन के लिए एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। 2025 तक, सतत पहल 5000 बड़े पैमाने पर बायोगैस सुविधाओं का निर्माण करना चाहती है। इन बायोगैस संयंत्रों को लगाने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाएं भी एक स्थायी समाधान के रूप में बायोगैस का समर्थन करती हैं।

# हादसों के आशियाने

गुरुग्राम में एक बहुमंजिला इमारत में दोषपूर्ण निर्माण तकनीक व घटिया सामग्री के चलते जन-धन की जो क्षति हुई है, उसने ऐसी इमारतों में रहने वाले लोगों को भय से भर दिया। घटना ने बहुमंजिला इमारतों का निर्माण करने वाले बिल्डरों की साख को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। गुरुग्राम स्थित 18 मंजिला चिंटल्स पैराडिसो सोसायटी की छठी मंजिल की बैठक की छत ऐसी गिरी कि उसका वजन नीचे की मंजिलें सहन नहीं कर पायीं। वे एक-एक करके गिरती चली गई, जिसमें जानमाल का नुकसान हुआ। कई घर मलबे में तब्दील हो गये और कई क्षतिग्रस्त हो गये। स्वप्निल लोक के आकर्षक विज्ञापनों से खरीददारों को ललचाने वाले बिल्डरों की हकीकत इस हादसे में बेनकाब हो गई। निश्चित रूप से जीवन की जमा पूंजी व बैंकों आदि से लोन लेकर सुकून के लिये आशियाना खरीदने वाले लोग अब भयभीत होंगे। निर्माण की गुणवत्ता ने उनके मन में आशंका भर दी है कि कहीं भविष्य में किसी हादसे की पुनरावृत्ति न हो जाये। यह इमारत ही नहीं, देश के तमाम महानगरों में बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोग इस हादसे के बाद आतंकित होंगे कि कहीं उन्हें भी ऐसी स्थितियों से न गुजरना पड़े। निस्संदेह निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का संदेह उन्हें परेशान करता है। हकीकत भी है कि जिन विभागों के पास इन बहुमंजिला इमारतों के निर्माण सामग्री व डिजाइन की गुणवत्ता परखने की जिम्मेदारी है, वे आपराधिक चुप्पी ओढ़कर खामोश हो जाते हैं। अक्सर इन बहुमंजिला फ्लैटों में घर के खरीददार मकान में दरार आने, संरचना में खोट या पाइप लीक होने जैसी शिकायतें करते रहते हैं। अब हादसे के बाद चिंटल्स पैराडिसो के बिल्डर को गिरफ्तार किया गया है। काश! इस मामले में तब कार्रवाई की गई होती जब कुछ महीने पहले इमारत में रहने वाले लोगों ने एक बालकनी के एक हिस्से के टूटने की शिकायत की थी। बिल्डर ने नये सिरे से गुणवत्ता की खामियों पर समय रहते ध्यान दिया होता तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। निस्संदेह, इस हादसे के बाद तमाम ऐसी बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों की नींद उड़ गई होगी। अब उनकी आकांक्षा होगी कि उनके टावरों की सभी संरचनाओं की गुणवत्ता की सख्ती से जांच की जाये। साथ ही इन निर्माण कार्यों से जुड़ी नियामक संस्थाओं की जवाबदेही बनती है कि सभी आवासीय व वाणिज्यिक इमारतों में संरचना गुणवत्ता की नये सिरे से जांच की जाये। इसके अलावा खरीददारों की जान जोखिम में डालने वाले बिल्डरों के लिये सख्त दंड का भी प्रावधान हो। निस्संदेह यह मुनाफाखोर बिल्डरों व संदिग्ध अधिकारियों की मिलीभगत उजागर होने का पहला मामला नहीं है। अतीत में यदि सख्त दंड की नजीर पेश की गई होती तो ऐसे हादसे दुबारा नहीं होते। हादसे के बाद कुछ समय तक मामले के गर्म रहने के बाद प्रकरण को ठंडे बस्ते में डालने की पुनरावृत्ति भी नहीं होनी चाहिए। हालांकि, हरियाणा सरकार ने मामले की जांच की बात कही है, लेकिन जांच को तार्किक परिणति तक पहुंचाने की भी जरूरत है। सवाल यह भी है कि बहुमंजिला भवनों के निर्माण में गुणवत्ता की जांच करने वाले महकमों की जिम्मेदारी कैसे तय की जाये ताकि भवनों के डिजाइन, तकनीक व निर्माण सामग्री मानकों पर खरे उतर सकें। साथ ही बहुमंजिला रिहायशी इमारतों के नक्शे पास करने, मंजिलों के निर्धारण, निर्माण सामग्री व सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं के राष्ट्रीय मानकों को सख्त बनाने की जरूरत भी है।

# भारतीयों की सुरक्षा

सिद्धार्थ शंकर

यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की तरफ से फ्लाइट्स नहीं मिलने को लेकर की जा रही शिकायत के बाद सरकार एक्टिव हो गई है। सरकार ने कोरोना वायरस के कारण एयर बबल एग्रीमेंट के तहत यूक्रेन आने-जाने के लिए सीमित फ्लाइट्स संचालित करने का प्रतिबंध हटा लिया है। इंडियन एविएशन मिनिस्ट्री ने कहा कि अब यूक्रेन के लिए एयरलाइंस कितनी भी फ्लाइट्स संचालित कर सकती हैं। साथ ही स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स भी ऑपरेट की जा सकती हैं। इससे पहले छात्रों की गुहार सुनते हुए केंद्र सरकार ने बुधवार को ही भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ ही यूक्रेन में मौजूद भारतीय दूतावास में भी स्पेशल कंट्रोल रूम बना दिए थे, जो यूक्रेन में मौजूद भारतीय नागरिकों की हर समस्या सुलझाने में मदद कर रहे हैं। यूक्रेन मसले को लेकर यूरोप में लगातार बेचैनी बढ़ती जा रही है। यूरोपीय यूनियन ने यूक्रेन स्थित दूतावास के गैर जरूरी कर्मचारियों को वापस देश लौटने के लिए कहा है। इटली के विदेश मंत्रालय ने अस्थायी तौर पर अपने नागरिकों को यूक्रेन छोडऩे के लिए कहा है। इसके अलावा डोनेट्सक, लुहान्सक और क्रीमिया क्षेत्र की यात्रा ना करने की सलाह भी दी है। तुर्की ने जरूरी ना होने पर नागरिकों को पूर्वी यूक्रेन ना जाने की सलाह दी है। नीदरलैंड्स और एस्टोनिया ने अपने नागरिकों को जल्द से जल्द यूक्रेन छोडऩे की सलाह दी है। आयरलैंड ने दूतावास के कर्मचारियों में कमी की है। विभिन्न देशों के यह अलर्ट बता रहे हैं कि रूस और यूक्रेन में तनाव कम होने की खबरें अभी पुख्ता नहीं हैं और कभी भी युद्ध भड़क सकता है। इस परिस्थिति में केंद्र सरकार का विमानों की आवाजाही पर लगा प्रतिबंध हटाना सही फैसला है। देखा जाए तो यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा गंभीर चिंता का विषय बन गई है। चिंता इसलिए भी बढ़ गई क्योंकि यूक्रेन की राजधानी कीव में भारतीय दूतावास ने इस संकटग्रस्त देश में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों, खासतौर से छात्रों को वहां से चले जाने का परामर्श जारी कर दिया था। जाहिर है, भारतीय दूतावास हालात की गंभीरता को समझ रहा है। उसे भी लग रहा है कि अगर रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ गई तो भारतीय नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकाल पाना आसान नहीं होगा। दूतावास की सलाह से साफ है कि जब तक हालात शांत नहीं हो जाते, तब तक वहां रहना जान को जोखिम में डालना है। हालांकि स्थितियां तो पहले से संकेत दे रही हैं कि यूक्रेन के लिए आने वाले दिन मुश्किल भरे होंगे। ऐसे में भारत सरकार की अपने नागरिकों को वहां से निकालने की पहल बिल्कुल सही समय पर की गई है। इससे भारत में अपने लोगों के लिए चिंतित लोगों को भी राहत मिलेगी। हालांकि ऐसे ही मुश्किल हालात में भारत ने पहले भी अपने लोगों को बचाया है। कुछ महीने पहले तालिबान के सत्ता हथियाने के बाद अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया था।

## शब्द सामर्थ्य

### सू- दोकू क्र.335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.334 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज की वर्ग पहेली

### शब्द सामर्थ्य - 335

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (परदेसी) जो वर्तमान में न रह सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. मक्खी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, भड़कदार, नीला 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अवकाश, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. मैना की पत्नी 25. पांच से छोटी एक नियम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. नमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-खराबा 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, घुसाना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 334 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| य | | खा | ल | ना | य | क | | खा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द् | या | खा | ना | |

हरियाणा
हरियाणा वाटिका

# नैनो न्यूज

## किसान सभा की बैठक आज

वाटिका न्यूज सिवानीमंडी। अखिल भारतीय किसान सभा 21 फरवरी को तहसील परिसर में एक बड़ी बैठक का आयोजन करेगी जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर के विचार विमर्श किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश सचिव दयानंद पूनिया ने कहा कि क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के विचार विमर्श किए जाने को लेकर के तहसील परिसर में 21 फरवरी को एक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में सैकड़ों किसान शिरकत करेंगे।

## ट्रैक्टर चोरी का मामला दर्ज

वाटिका न्यूज पुन्हाना। पिनगवां थाना एरिया के गांव शाहाचौखा से एक घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया। पुलिस ने पीड़ित ट्रैक्टर मालिक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी गोपाल ने बताया कि उम्मर निवासी खोरी शाह चौखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 2 माह पहले हाजी हनीफ निवासी झिमरावट से ट्रैक्टर को खरीदा था। ट्रैक्टर को हर रोज की तरह घर के गेट के बाहर खडा किया था। जिसे 17 फरवरी की रात्रि को कोई अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। जिसे आसपास इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं चल सका। जांच अधिकारी ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ट्रैक्टर की तलाश जारी है।

## बागवानी किसानों के लिए पॉली हाउस एवं नेट हाउस लगाने का सुनहरा मौका : उपायुक्त

**-पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित, 28 फरवरी तक कर सकते है आवेदन**

**रणबीर खटक सिरसा।** बागवानी विभाग द्वारा किसानों के संरक्षित खेती के लिए पॉली हाऊस एवं नेट हाऊस लगाने का के सुनहरे अवसर दिया जा रहा है। किसानों के संरक्षित खेती में रूझान को देखते हुए संरक्षित ढांचा निर्माण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2022 है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि किसान पॉली हाऊस व नेट हाऊस लगाने के लिए 28 फरवरी त पर अपना आवेदन करें। सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है ताकि किसानों की आमदनी बढ़ सके। आवेदक का चयन दस्तावेज पूर्ण होने के उपरांत वरिष्ठता के आधार एवं अन्य निर्धारित नियमानुसार किया जायेगा। किसान इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला बागवानी अधिकारी या उद्यान विभाग के मुख्यालय के दूरभाष पर सम्पर्क कर सकते है।

## सोलन कूड़ो नेशनल प्रतियोगिता में सिवानी के 5 बच्चों ने जीता गोल्ड



वाटिका न्यूज सिवानीमंडी। हिमाचल प्रदेश के सोलन में हुई 12वीं कूड़ो नेशनल प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार मिक्स मार्शल आर्ट एकेडमी के 8 बच्चों ने भाग लिया जिसमें 5 बच्चों ने गोल्ड मेडल जीते वहीं 2 बच्चों ने सिल्वर तथा एक बच्चे ने कांस्य पदक हासिल किया। शहर में पहुंचने पर इन सभी बच्चों को नगर पालिका के वाइस चेयरमैन रमेश पोपली ने सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार हाल ही में हिमाचल प्रदेश के सोलन 12वीं नेशनल फोटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शहर के 8 बच्चों ने भाग लिया इन 8 बच्चों में 5 बच्चों ने गोल्ड मेडल जीता वही एक बच्चे ने कांस्य पदक हासिल किया। शिवानी पहुंचने पर इन सभी बच्चों को नपा के वाइस चेयरमैन रमेश पोपली ने अपने सहयोगियों के साथ सम्मानित किया। जिन बच्चों ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता उनमें मुस्कान गोल्ड मेडल, पुलकिता गोल्ड मेडल,अशोक गोल्ड मेडल,अमृता गोल्ड मेडल,रितु गोल्ड मेडल वही हार्डिक सिल्वर मेडल,यस सिल्वर मेडल व राधा ब्रोंज मेडल जीता। इस मौके पर पार्षद मनीराम आत्माराम मुकेश दलाल युवा समाजसेवी अमित लोहिया आदि मौजूद रहे।

## पीएसीएल पीड़ित निवेशकों ने सांसद दरबार पहुंचकर रोया दुखड़ा

**भिवानी जिला के छह~ लाख निवेशकों के करीबन 800 करोड़ रूपये दिलवाने की मांग**

वाटिका न्यूज भिवानी। रूपया निवेश के नाम पर देश के करीबन पांच करोड़ 85 लाख ग्राहकों के खून-पसीने की गाढ़ी कमाई को लेकर रफूचक्कर हुई पीएसीएल के घोटाले के बाद से वर्ष 2016 से निवेशक अपने खून-पसीने की कमाई को वापिस दिलवाए जाने की मांग को लेकर संघर्षरत्त है। निवेशक कभी जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन, कभी सेबी ऑफिस, प्रदेश भर के सांसद, विधायक व मंत्री से गुहार लगाने के बावजूद भी निवेशकों की समस्या का कोई हल नहीं हुआ। इसी को लेकर भिवानी जिला के भी करीबन छह~ लाख निवेशक चीट फंड घोटाले का शिकार हुए है, जिसके तहत उन्हे करीबन 800 करोड़ रूपये की चपत लगी। रविवार को एक बार फिर से ऑल इन्वेस्टर्स सेफ्टी आर्गेनाईजेशन (एआईएसओ) के बैनर तले भिवानी जिला के निवेशक सांसद धर्मबीर सिंह के निवास पर पहुंचे तथा उन्होंने सांसद के नाम उनके पीए को ज्ञापन सौंपकर अपनी खून-पसीनी की गाढ़ी कमाई को वापिस दिलवाए जाने की मांग की। इस मौके पर एआईएसओ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार बड़ाला ने कहा कि पीएसीएल कंपनी में मेहनत-मजूदरी कर अपना घर चलाने वाले देश के करोड़ों लोगों ने निवेश किया, लेकिन इस कंपनी ने सभी लोगों को चूना लगाने का काम किया।

# किसानों के खातों में शीघ्र आएगी बीमा क्लेम व खराबे की 415 करोड़ रुपए की राशिः कृषि मंत्री जेपी दलाल

### कृषि मंत्री जेपी दलाल ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कई गावों का दौरा कर ग्रामीणों को किया संबोधित और सुनी समस्याएं

### नायक सम्मेलन में भवन के लिए कृषि मंत्री ने दी 21 लाख की ग्रांट



अमित वालिया लोहारू। कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि जिला में खरीफ फसल-2021 की मूंग व कपास आदि में हुए नुकसान की करीब 127 करोड़ रुपए की राशि प्रभावित किसानों के खातों में 28 फरवरी तक डाल दी जाएगी। इसी प्रकार से किसानों को बीमा क्लेम की लगभग 288 करोड़ रुपए की राशि भी शीघ्र मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार से नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र में युवाओं के रोजगार के लिए प्रबंध किया जाएगा। क्षेत्र में चल रही विकास परक योजनाओं के पूरा होने के बाद यहां पर रोजगार के नए-नए अवसर पैदा होंगे।

श्री दलाल रविवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान गांव बारवास, बिसलवास, अहमदवास खेड़ा व लोहारू के वार्ड नंबर 12 का दौरा किया कर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वे किसानों के साथ किसी प्रकार से अन्याय नहीं होने देंगे। किसानों को किसी भी प्रकार से फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई हर हाल में करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र की कायाकल्प की जा रही है। आने वाले कुछ ही समय के बाद लोहारू विधानसभा प्रदेश के सबसे विकसित हलकों में से एक होगा।

कृषि मंत्री श्री दलाल ने कहा कि लोहारू क्षेत्र में मिलने वाले नहरी पानी को बढाया जाएगा। आने वाले समय किसानों को पानी और अधिक मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र में विकास कार्या की झड़ी लगाई गई है। विकासपरक योजनाओं के पूरा होने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।कृषि मंत्री श्री दलाल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास वहां के सडड़ मार्गों पर निर्भर करता है। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में नए-नए नेशनल हाईवे व बाईपास का निर्माण करवाया जा रहा है, उसी प्रकार से लोहारू विधानसभा क्षेत्र में सडड़ों के निर्माण कार्य पर जोर दिया जा रहा है। जरूरत के अनुसार नए-नए बाईपास और रेलवे ओवरब्रिज बनवाए जा रहे हैं। करीब 50 करोड़ से ढिगावा का बाईपास मंजूर हो गया है और 40 करोड़ से लोहारू में आरओबी का निर्माण करवाया।जा रहा है।इसके अलावा शिक्षा, बिजली और पेयजल आपूर्ति पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लोहारू ,बहल, ढिगावा व सिवानी की नईअनाज मंडियों की स्थापना व सुधारीकरण किया जा रहा है। लोहारू तथा सिवानी में नई अनाज मंडी भी प्रस्तावित हैं, जो करीब 20-20 एकड़ में बनाई जाएंगी। इससे किसानों की सुविधाएं मिलेंगी। दलाल ने कहा कि क्षेत्र में पर्याप्त सिंचाई व पेयजल मुहैया करवाने के साथ-साथ गांवों में गलियों को पक्का करने, बिजली के नए फीडर स्थापित करने के कार्य करवाए जा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने कृषि मंत्री श्री दलाल के समक्ष विकास कार्यों से संबंधित अनेक प्रकार की मांग रखी, जिनको कृषि मंत्री ने मौके पर पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने कृषि मंत्री को बड़ी ही गर्मजोशी व फूल मालाओं से स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान एसडीएम जगदीश चंद्र, माकेटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता अजय राठी व पवन वर्मा,एसडीओ चननमल,संजय, एसडीओ बिजली संदीप श्योराण, निजी सचिव जेपी दुबे सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगों को भी कृत्रिम अंगों जैसी मदद कर मुख्यधारा में शामिल करना होगा : बंडारू दत्तात्रेय

### दिव्यांग कल्याण शिविर में 1200 दिव्यांगों को भेंट कृत्रिम किए अंग



अमूल्या चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत में कुल दिव्यांगो में से 75 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, इसलिए सामाजिक संस्थाओं को चाहिये कि वे ऐसे अछूते इलाकों को भी अपना कार्यक्षेत्र बनाकर जरूरतमंदों की मदद करें। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर 7 स्थित माहेश्वरी भवन में जिला के 1200 से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग भेंट करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कृत्रिम अंग वितरण समारोह का आयोजन माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट (रजि) फरीदाबाद, जिला रेडक्रास सोसायटी, जिला समाज कल्याण विभाग और भगवान महावीर विकलांग सहायता सीमिती जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस दौरान लगभग 1200 से अधिक दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ (कोहनी से नीचे) पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को कैलीपर्स, बैसाखियां, व्हील चेयर, हाथ से चलाने वाली ट्राई साइकिल और कान से सुनने वाली मशीन भेंट की गई। अपने संबोधन में महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आज इस दिव्यांग कल्याण शिविर में आकर मुझे बेहद प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। सभी समाज सेवियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्य मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति चाहे शारीरिक रूप से दिव्यांग हो या मानसिक रूप से, वह हमारे समाज का उतना ही महत्वपूर्ण अंग है जितना कोई अन्य आम आदमी। यह प्रकृति की देन है कि दिव्यांगों में ऐसी प्रतिभा विकसित हो जाती है जिसके कारण वे अद्भुत कार्य कर डालते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण हमारे पैरालंपियन हैं, जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर देश का नाम विश्व गोल्ड मेडल जीत कर रोशन किया है। दिव्यांगों की सहायता करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने भी दिव्यांगता उन्मूलन तथा दिव्यांग पुनर्वास योजनाएं शुरू की हैं। इसके लिए सरकार पोलियो ड्राप पिलाने, चिकित्सालय खोलने, चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति, सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों में काफी हद तक सफलता भी मिली है। हाल के वर्षों में दिव्यांगों के प्रति समाज का नजरिया भी तेजी से बदला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। ओटिज्म, सेरेब्रल पालसी, मंदबुद्धि और अनेक अशक्तताओं से जूझ रहे लोगों के कल्याण के लिए नेशनल ट्रस्ट की स्थापना की गई है। दिव्यांगों को कारोबार से जो?ने के लिए नेशनल हेंडीकैप्ड फाइनैंस एंड डेवलपमेंट कोर्पोरेशन की स्थापना की गई है। इस कोर्पोरेशन द्वारा दिव्यांगों को अपना व्यापार शुरू करने के लिए 5 लाख रूपये तक का बिजनेस लोन दिया जा रहा है।

फोटो फाईल~13

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 71 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद दे रही हरियाणा सरकार

**-शगुन योजना के तहत अन्य राज्यों से ज्यादा आर्थिक मदद दे रही हरियाणा सरकार**

**- योजना का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन करें आवेदन**

**रणबीर खटक**

सिरसा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने महिलाओं को सशक्त और शिक्षित बनाने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ महिलाएं बखूबी उठा रही हैं। मुख्यमंत्री की सोच है कि महिलाओं को समाज में समान अवसर मिलें और वे आत्मविश्वास व सम्मान के साथ आगे बढ़ें। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार द्वारा बेटी की शादी में सहयोग के लिए माता-पिता को आर्थिक मदद दी जाती है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत सरकार गरीब परिवारों की लड़कियों, विधवाओं/निराश्रित महिलाओं की बेटियों की शादी के लिए अनुदान प्रदान करती है। योजना के तहत 71 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद दी जाती है। योजना के तहत, सरकार विधवाओं/निराश्रित महिलाओं और अनाथ बालिकाओं (गरीबी रेखा से नीचे और जिनकी पारिवारिक आय एक लाख रुपये से कम है) को 51 हजार का शगुन देती है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति, डीटी और टपरीवास समुदाय के परिवार को 71 हजार रुपये का शगुन मिलता है। स्पोर्ट्स वुमेन (किसी भी जाति/कोई भी आय) व अनुसूचित जाति के अलावा अन्य जाति के गरीब परिवार और सभी वर्ग के परिवार (एससी/बीसी सहित), जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1,80,000 रुपये से कम है, को 31 हजार रुपये का अनुदान मिलता है। वहीं सामूहिक विवाह और दिव्यांगजन के विवाह पर 51 हजार रुपये का शगुन मिलता है। अगर पति पत्नी में से कोई एक दिव्यांग है, तो 31 हजार रुपये, अगर दोनों दिव्यांग है, तो 51 हजार रुपये की मदद की जाती है। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# बिजली की तारों की चिंगारी से गन्ने के खेत में लगी आग, लाखों की कीमत का गन्ना स्वाहा



वाटिका न्यूज यमुनानगर/छछरौली। मांडखेड़ी रोड पर माणो की टपरिया गांव में गन्ने के खेत के ऊपर से निकल रही बिजली की तारों की चिंगारी से गन्ने के खेत में आग लग गई। आग लगने से गन्ने का लगभग 10 कनाल रकबा जलकर राख हो गया। इससे किसान का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल गाड़ी ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब तक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक गन्ने का सारा रकबा जलकर राख हो चुका था। माणो की टपरिया निवासी किसान रुलिया राम ने बताया कि उसके खेत के ऊपर से बिजली की तारे गुजर रही है जो कि पिछले काफी समय से ढीली पड़ी हुई है। तारों को ठीक करवाने के लिए उसने कई बार विभाग को सूचित किया लेकिन बिजली विभाग की तरफ से खेत के ऊपर से गुजर रही तारों को ठीक नहीं किया गया। रविवार को दोपहर के समय तेज हवा के साथ गन्ने के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में से निकली चिंगारी की वजह से उसके गन्ने के खेत में आग लग गई जिससे 10 कनाल में खड़ा गन्ना जलकर राख हो गया। पीड़ति किसान ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और दमकल गाड़ी को दी। पीड़ति किसान ने संबंधित विभाग और प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

# पंजाब में 85 से अधिक सीटें जीतेगी आपः अवतार सिंह ढिल्लो



वाटिका न्यूज सिवानीमंडी। आम आदमी पार्टी पंजाब के नेता एवं खंड के गांव किकराल की पूर्व सरपंच रहे अवतार सिंह ढिल्लों ने दावा किया है कि पंजाब में जिस तरीके से वोटिंग हुई है उसे साफ झलकता है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी 85 से अधिक सीटों पर विजय होगी और बहुमत के साथ भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि शुरू से ही पंजाब में आम आदमी पार्टी की लहर थी जिसका वोटिंग वाले दिन साफ असर दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि लंबी विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे थे लेकिन अपनी नजर से देखा तो पाया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी 85 से अधिक सीटें जीतने जा रही है और बहुमत के साथ भगवंत मान प्रदेश के मुख्यमंत्री बन रहे हैं। पंजाब के कार्यकर्ताओं को अग्रिम बधाई दी और हलके के आप नेता एवं आप के उम्मीदवार जत्थेदार गुरमीत सिंह को बधाई दी।

# कृषि योग्य भूमि में हो रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने खनन तस्करों व खनन विभाग के खिलाफ एकजुट होकर खोला मोर्चा


**-अवैध खनन को ना रोकने पर विभाग को दी आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी**



धर्मवीर यमुनानगर/छछरौली। शेरगढ़ गांव की कृषि योग्य भूमि में हो रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने खनन तस्करों के खिलाफ एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है और खनन विभाग के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि खनन तस्कर गांव की कृषि योग्य भूमि को बर्बाद कर रहे हैं जिसको लेकर ग्रामीणों ने खनन विभाग के खिलाफ रोष प्रकट कर नारेबाजी की है। ग्रामीणों का कहना है कि खनन विभाग को कई कई बार लिखित में शिकायत दे चुके हैं। उसके बावजूद भी अवैध खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर खनन विभाग ने अवैध खनन करने वालों पर अंकुश नहीं लगाया तो ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठेंगे। ग्रामीण कामिल नंबरदार, भारतीय किसान यूनियन प्रधान, हाजी रशीद, भारतीय किसान यूनियन नेता वीर सिंह रामगढ़, इकबाल, अयूब, इलियास, आकिब हसन, जमील खान, बब्बू खान, रामकुमार, मोहसिन खान, मोहम्मद हसन व कुर्बान ने जानकारी देते हुए बताया कि शेरगढ़ गांव की कृषि योग्य भूमि में पिछले काफी दिनों से अवैध खनन हो रहा है जिसकी वजह से ग्रामीणों की कृषि योग्य भूमि बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कृषि योग्य भूमि में बहुत बड़े स्तर पर अवैध खनन हो रहा है। जबकि इस गांव में विभाग द्वारा कोई भी जमीन खनन के लिए चिह्नित नहीं की गई है। जिस जमीन पर अवैध खनन हो रहा है यह जमीनें देह श्यामलाल व पंचायती जमीनें हैं। ग्रामीण कामिल नंबरदार ने बताया कि गांव के साथ लगती कृषि योग्य भूमि पर हो रहे अवैध खनन को लेकर उन्होंने पुलिस, डीएसपी, एसडीम बिलासपुर, तहसीलदार, बीडीपीओ और जिला उपायुक्त को भी शिकायत दी है। उसके बावजूद भी अवैध खनन करने वाले निरंतर कृषि योग्य भूमि को बर्बाद कर रहे हैं। जो कि भविष्य में ग्रामीणों के लिए बहुत ही खतरे की बात है। उन्होंने बताया कि गांव में ज्यादातर छोटे किसान हैं जिनके पास थोड़ी थोड़ी जमीनें हैं। इन जमीनों में खेती-बाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।अवैध खनन में जमीने बर्बाद हो रही है। उनके सामने भविष्य में अपने परिवारों के पालन पोषण की चिंता लगी हुई है। जिस जगह पर अवैध खनन हो रहा है उसके साथ में सोम नदी बहती है। इसमें बरसात में बहुत ज्यादा पानी आता है और अवैध खनन करने वालों ने नदी के किनारे भी खोद दिए हैं जिससे भविष्य में नदी का पानी गांव की तरफ भी रुख कर सकता है। कामिल ने बताया कि गांव की जमीन में हो रहे अवैध खनन को लेकर उसने दो बार सीएम विंडो में शिकायत भी दी है। उसके बावजूद भी प्रशासन ने अवैध खनन करने वालों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को शिकायत दे दी है पर कार्रवाई बिल्कुल जीरो है। ग्रामीण अब इकट्ठा होकर इस मामले को लेकर गृह मंत्री अनिल विज के पास जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा अवैध खनन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस बारे में बिलासपुर एसडीएम जसपाल सिंह का कहना है कि प्रत्येक ब्लॉक में अवैध खनन रोकने के लिए 5 विभागों की टीम में बनाई हुई है। इन टीमों का कार्य अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करना है। शेरगढ़ और गढ़वाली में अवैध खनन की सूचना मिली है। वहां पर हो रहे अवैध खनन की जांच की जाएगी।जिस भी विभाग की लापरवाही सामने उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वही अवैध खनन को रोकने के विषय पर जब जिला खनन अधिकारी से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# अब दिल की बीमारी का इलाज होगा आसान





अब दिल की बीमारी से पीड़ित लोगों का इलाज आसान होगा क्योंकि धमनियों को ठीक करने वाला प्रोटीन बन गया है।

दिल की बीमारी अब भी दुनिया की जानलेवा बीमारियों में सबसे आगे है। संतुलित खानपान और व्यायाम दिल की बीमारियों को दूर रखने में मदद तो करते हैं, मगर कुछ मामलों में विशेषज्ञ अब भी दिल की बीमारी के कारगर इलाज की तलाश में लगे हुए हैं। एक नये अध्ययन के अनुसार दिल तक खून पहुंचाने वाली धमनियों को एक प्रोटीन की सहायता से फिर से जवान बनाया जा सकता है।

अपने प्रयोग के दौरान विशेषज्ञों ने 60 से 79 साल की उम्र के 10 वॉलंटियर को प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट कोएंजाइम क्यू10 का रिफाइंड वर्जन मिटो क्यू दिया। वहीं अन्य 10 को प्लेसिबो दिया गया। 6 हफ्तों के बाद शोधकर्ताओं ने इस प्रयोग में शामिल वॉलंटियर की धमनियों की सेहत और आकार का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने दोनों समूहों को दिए जाने वाले सप्लिमेंट की अदला-बदली कर दी।

इस प्रकार धमनियों की उम्र में 15 से 20 साल का फर्क आया- विशेषज्ञों ने देखा कि मिटो क्यू सप्लिमेंट लेने वाले वॉलंटियर की धमनियों की उम्र में 15 से 20 साल तक का अंतर देखने को मिला। एक प्रमुख शोधकर्ता ने कहा कि अगर धमनियों की स्थिति में इस स्तर का सुधार होता है, तो इससे हृदय रोगों की आशंका को 13 फीसदी तक कम किया जा सकता है।

**स्टेम सेल से ठीक होगा कैंसर**

बचपन में गिरने वाले दूध के दांत को संभाल कर रखना भविष्य में आने वाली कई बीमारियों से बचा सकता है। एक शोध में दावा किया गया है कि बचपन में गिरने वाले दूध के दांतों में मौजूद स्टेम सेल (कोशिकाओं) से कैंसर और हृदय रोग से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जा सकता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार बच्चों के दांत पर्यावरण के साथ ज्यादा समय तक संपर्क में नहीं रहते इसलिए ज्यादा खराब नहीं होते। शोध के अनुसार बच्चों के दांतों में मौजूद स्टेम सेल की मदद से शरीर में आसानी से नई कोशिकाओं को उगाया जा सकता है। बच्चों के दांतों से मिलने वाला स्टेम सेल इलाज में इतना कारगर साबित हो सकता है कि अब शरीर के दूसरे हिस्से से बोन मैरो निकलने की जरूरत नहीं रहेगी।

दांतों में मौजूद स्टेम सेल की खोज और उसपर शोध की प्रक्रिया अभी शुरुआती चरण में है, पर भविष्य में इसकी मदद से कैंसर का इलाज करने और न्यूरल कोशिकाएं उगा कर हृदयाघात को रोकने में सहायता जरुर मिलेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार दांतों में मिलने वाले स्टेम सेल की सहायता से हड्डियों को, गुर्दे को और आंखों की टिश्यु को दोबारा उगाया जा सकता है। यह स्टेम सेल 10 साल के बच्चे के दांतों से मिल सकती हैं।



# मधुमेह से बढ़ता है कई गंभीर बीमारियों का खतरा

मधुमेह यानी डायबिटीज से पीड़ित लोगों को दिल की बीमारियों के साथ ही कई और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों में लगभग 58 प्रतिशत मौतें हृदय संबंधी परेशानियों के कारण ही होती हैं। मधुमेह के साथ जुड़े ग्लूकोज के उच्च स्तर से रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचता है, जिससे रक्तचाप और नजर, जोड़ों में दर्द तथा अन्य परेशानियां हो जाती हैं।

चिकित्सक के अनुसार, टाइप-2 मधुमेह सामान्य रूप से वयस्कों को प्रभावित करता है, पर अब यह बीमारी युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। मधुमेह के कारण युवा गुर्दे की क्षति और हृदय रोग के साथ-साथ कई ऱोगों के शिकार हो सकते हैं।

युवाओं के मधुमेह से ग्रस्त होने का कारण प्रोसेस्ड और जंक फूड का सेवन है। मोटापा तथा निष्क्रियता। समय पर ढंग से जांच न कर पाना और डॉक्टर की सलाह का पालन न करना भी रोग को बढ़ा सकता है।

वहीं लोगों में धारणा है कि टाइप-2 मधुमेह वाले युवाओं को इंसुलिन की जरूरत नहीं होती है, इसलिए ऐसा लगता है कि यह भयावह स्थिति नहीं है पर ऐसा सोचना गलत है। इस स्थिति में तत्काल उपचार और प्रबंधन की जरूरत होती है। टाइप-2 डायबिटीज वाले युवाओं में कोई शुरुआती लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यदि कुछ दिखते भी हैं, तो वे आमतौर पर हल्के हो सकते हैं।

इस प्रकार की बीमारी से बचने के लिए युवा अपनी जीवनशैली में बदलाव ला सकते है।

खाने में स्वस्थ खाद्य पदार्थ ही शामिल करें।

प्रतिदिन तेज रफ्तार में टहलें।

अपने परिवार के साथ अपने स्वास्थ्य और मधुमेह व हृदय रोग के जोखिम के बारे में बात करें।

# अदरक का सेवन न करें ये लोग



ज्यादातर घरों में अदरक रोजाना इस्तेमाल होता है। तासीर गर्म होने के कारण इसका सेवन सर्दियों में ज्यादा किया जाता है। खाने का स्वाद बढ़ाने से लेकर अचार में इस्तेमाल होने वाला अदरक सर्दी खांसी में भी इसका सेवन किया जाता है। आयुर्वेद में भी अदरक की कई खूबियां बताई गई हैं। आप सबने इसके फायदों के बारे में तो बहुत सुना लेकिन कुछ लोगों के लिए यह जहर के रूप में काम करता है।

सबसे पहले जो लोग अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, उन लोगों को अदरक का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि अदरक भूख कम करता है, जो वजन कम करने में मदद करता है। तो अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं तो इसका सेवन से आप पर नकारात्मक असर पड़ेगा।


हीमोफीलिया से ग्रसित लोगों के लिए अदरक का सेवन जहर के समान होता है, क्योंकि अदरक खाने से खून पतला होने लगता है, जो उनके शरीर के लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसे लोगों को अदरक से कोसों दूर रहना चाहिए।

प्रेग्नेंसी के शुरूआती दौर में महिलाओं के लिए अदरक का सेवन करना अच्छा होता है, क्योंकि यह मॉर्निंग सिकनेस और कमजोरी को दूर करने में मदद करता है। वहीं आखिरी तिमाही महीनों में प्रेग्नेंट महिलाओं को अदरक के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि इसके सेवन से प्रीमेच्योर डिलीवरी और लेबर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है।

जो लोग नियमित दवाइयों पर रहते हैं, ऐसे लोगों को अदरक खाने से बचाव करना चाहिए। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि दवाइयों में मौजूद ड्रग्स जैसे बेटा-ब्लॉकर्स, एंटीकोगुलैंट्स और इंसुलिन अदरक के साथ मिलकर खतरनाक मिश्रण बनाते हैं, जो शरीर को हानि पहुंचाते है।

# सोरायसिस के बढ़ते खतरे

हमारे देश में आम तौर पर सोरायसिस (अपरस) को लेकर जागरुकता नहीं है। सोरायसिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है जो त्वचा पर खुजली और जलन का कारण बनती है। आहार और मौसम सहित कई कारक इस त्वचा रोग को बढ़ा सकते हैं। सोरायसिस एक जटिल त्वचा रोग है जो काफी सामान्य है लेकिन कई लोगों को इस बीमारी के मनोवैज्ञानिक बोझ का पता नहीं है, जिसकी वजह से इसके मरीज़ इलाज के लिए परेशान हो जाते हैं और कमजोर पड़ जाते हैं। अधिकतर लोग केवल इतना जानते हैं कि सोरायसिस में स्किन पर खुजली, लाल दाने हो जाते हैं लकिन क्या आप जानते हैं कि त्वचा पर होने वाले इन दानों में तेज दर्द हो सकता है और इनका आकार ब? सकता है। भारत में यह बीमारी हर साल 2-4 फीसदी यानि 10 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित करती है। डायबिटीज और कैंसर के विपरीत, लोग इस बीमारी के प्रति ज्यादा जागरूकता नहीं है। कई लोग ऐसा सोचते हैं कि यह रोग गर्मियों में होता है लेकिन आपको बता दें कि सर्दियों में भी यह रोग हो सकता है। सर्दियों में ड्राइनेस से आपकी स्थिति और गंभीर हो सकती है। सर्दियों में ठंडी हवा, कम ह्यूमिडिटी और धूप नहीं होने से स्किन ड्राई हो सकती है और खुजली हो सकती है।



आपको बता दें कि इसका खतरा केवल पुरुषों को ही नहीं बल्कि महिलाओं को भी होता है। क्योंकि दोनों इस रोग से समान रूप से प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, यह सभी आयु समूहों में हो सकता है, लेकिन मुख्यतः यह वयस्कों को प्रभावित करता है। इसमें रोगी अक्सर अपने आपको कवर करके रखते हैं। त्वचा को छिपाने के लिए लंबे कप? पहनते हैंहालांकि इससे जल्दी राहत पाने के लिए आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

उपचार

सोरायसिस के लिए तुरंत उपचार की आवश्यकता होती है अन्यथा इसके प्रभाव के ब? जाने से पीि?त की जान तक को ?तरा बना रहता है। वहीं आयुर्वेद में भी इसके कई उपचार हैं।

सोरायसिस का देशी आयुर्वेदिक इलाज =

रात को सोने से कुछ देर पहले आप 10 बादाम की गिरी लें और उन्हें अच्छी तरह पीसकर पाउडर बनायें. आप इन्हें 1 से डू ग्लास पानी में कुछ देर उबलने के लिए छो? दें और ठंडा हो जाने पर रोगी के घावों पर लगाएं। आप इसे रात भर रोगी के शरीर पर ही लगा रहने दें और सुबह उठकर शरीर को सा? करे। इस उपचार से सोरायसिस के इलाज के लिए अच्छे परिणाम मिले है। चन्दन ठीक बादाम की ही तरह आप एक चम्मच चंदन का पाउडर तैयार कर लें और उसे करीब 600 मिलीलीटर पानी में अच्छी तरह उबालें। जब आपको लगे कि 200 मिलीलीटर पानी ही बचा हुआ है तो आप उसे उतारे और ठंडा होने दें। इस पानी में आप शक्कर और थोडा गुलाबजल डालकर मिलाएं। इस तरह रोगी के लिए एक उत्तम दवा तैयार है, इससे अधिक से अधिक लाभ पाने के लिए रोगी को इसे दिन में 3 बार बनाना और पीना है।

# मलाइका के बेटे के लुक्स की दीवानी हुई अमृता अरोड़ा



मलाइका अरोड़ा अपनी बहन अमृता के साथ बहुत स्ट्रांग बॉन्ड शेयर करती हैं। दोनों को अकसर अपने गर्ल्स गैंग के साथ हैंगआउट करते देखा जा सकता है। इतना ही नहीं दोनों के बच्चे भी मांसियों के साथ काफी क्लोज हैं। अमृता ने अपने भांजे अरहान खान की एक फोटो शेयर करते हुए बहुत प्यारा सा मैसेज लिखा है। सोशल मीडिया पर अमृता की ये फोटो तेजी से वायरल हो रही है। अमृता ने अरहान खान की फोटो अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर करते हुए लिखा कि ये लड़का, अरहान तुम मेरे जीवन के पसंदीदा आदमी हो। अरहान एक्टर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे हैं। अरहान भी अपनी मौसी अमृता के साथ काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं।

मलाइका अरोड़ा अपनी बहन अमृता के साथ बहुत स्ट्रांग बॉन्ड शेयर करती हैं। दोनों को अकसर अपने गर्ल्स गैंग के साथ हैंगआउट करते देखा जा सकता है। इतना ही नहीं दोनों के बच्चे भी मांसियों के साथ काफी क्लोज हैं। अमृता ने अपने भांजे अरहान खान की एक फोटो शेयर करते हुए बहुत प्यारा सा मैसेज लिखा है। सोशल मीडिया पर अमृता की ये फोटो तेजी से वायरल हो रही है। अमृता ने अरहान खान की फोटो अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर करते हुए लिखा कि ये लड़का, अरहान तुम मेरे जीवन के पसंदीदा आदमी हो। अरहान एक्टर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे हैं। अरहान भी अपनी मौसी अमृता के साथ काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। गौरतलब है कि अरहान खान कुछ दिन पहले मां मलाइका और फैमिली के साथ अपने नानी के घर डिनर पर गए थे। इस फैमिली डिनर में एक्टर अर्जुन कपूर भी शामिल हुए थे। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक 2017 में हो चुका है और दोनों ने अपनी 19 साल शादी को खत्म कर दिया। उसके बाद से अरहान अपनी मां मलाइका के साथ रह रहे हैं। अपने पैरेंट्स के तलाक पर अरहान खान क्या सोचते हैं इस बारे में बात करते हुए एक्टर अरबाज खान ने कहा था कि हम एक बच्चे को कई बार समझ नहीं पाते। अरहान उस वक्त 12 साल का था लेकिन उसे परिस्थितियों का समझ थी। उसे समझ थी कि हम दोनों के बीच क्या हो रहा है। उसे बैठकर कभी समझाने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने बताया कि पेरेंट्स होने के नाते हमारे लिए ये काफी मुश्किल फैसला था, लेकिन हम उस मुकाम पर खड़े थे।

## जाह्नवी कपूर के बाद खुशी कपूर भी जल्द करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू

बॉलीवुड की मशहूर दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत कर ली हैं और वो एक के बाद एक फिल्मों में काम कर रही है। जाह्नवी कपूर फिल्मों में अपने अभिनय और किरदार से लोगों का दिल जीत रही है। अब लगता है कि जल्द ही बोनी कपूर और श्रीदेवी की दूसरी बेटी खुशी कपूर भी बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाली है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि खुशी कपूर के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा आज से नहीं काफी समय से हो रही है। लेकिन वो अपनी पढ़ाई पूरी कर रही थी। लेकिन अब खुशी कपूर को लेकर जो खबर सामने आई है उसको सुनने के बाद खुशी को सिल्वर स्क्रीन पर देखने की चाह रखने वाले खुश हो जाएंगे। खुशी कपूर ने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है। बता दें कि खुशी कपूर सिनेमा की पढ़ाई कर रही थी जिसका कोर्स अब पूरा हो चुका है। पढ़ाई पूरी होने के बाद खुशी कपूर के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि खुशी कपूर लॉस एंजिल्स में अपनी सिनेमा की पढ़ाई को पूरा करके भारत वापस आ गई है। अब इस पर खुशी कपूर के पिता बोनी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बोनी कपूर ने कहा कि, खुशी लॉकडाउन से पहले सिनेमा का एक कोर्स पूरा करके आ गई थी। अब वो फिर लॉस एंजिल्स चली गई है एक और सिनेमा कोर्स करने के लिए। उन्होंने कहा कि वो वापस आ जाए फिर अपना करियर शुरू करने के लिए वो तैयार हो जाएगी। बोनी कपूर की इस बात से साफ जाहिर है कि जैसे ही खुशी की पढ़ाई पूरी होगी वो बॉलीवुड में अपना करियर बनाएगी।



## ईशा देओल लाइट, कैमरा और एक्शन के लिए फिर से तैयार

अभिनेत्री ईशा देओल तख्तानी एक बार फिर कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। दो बच्चों की मां ईशा ने घोषणा की है कि वह लाइट, कैमरा और एक्शन के लिए तैयार हैं। ईशा ने कहा, भगवान की कृपा से मुझे अच्छे काम के प्रस्ताव मिल रहे हैं और मैं फिर से कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हूं! साथ ही फिट रहना मेरे लिए हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए मैंने अपना वजन कम कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं कई स्क्रिप्ट्स पढ़ रही हूं। मैंने पहले से ही एक प्रोजेक्ट में काम करना शुरू कर दिया है और फिलहाल मैं अपने अगले काम में व्यस्त हूं, जो इस साल के मध्य तक शुरू हो जाएगा और मैं वास्तव में इसे लेकर उत्साहित हूं। ईशा ने हाल ही में एक हिंदी फिल्म की शूटिंग पूरी की है और इसकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।



# रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस में हुई दीपिका पादुकोण की एंट्री




बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई फिल्मों से धमाका करने वाली हैं। दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रही है। अब इसी बीच दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं जिसको जानने के बाद उनके फैंस भी खुशी से झूम उठेंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीपिका पादुकोण जल्द ही अपने पति अभिनेता रणवीर सिंह की अगली फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आने वाली है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीपिका पादुकोण रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस में स्पेशल डांस नंबर पेश करने वाली है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपनी फिल्म सर्कस की शूटिंग कर रहे हैं। अब खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म में दीपिका पादुकोण का एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली है। सिर्फ इतना ही नहीं खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि दीपिका पादुकोण ने फिल्म सर्कस के इस गाने की शूटिंग भी पूरी कर ली है। इन दिनों फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। अगर हम बात करें फिल्म सर्कस की तो वो इसमे रणवीर सिंह के अलावा जैकलीन फर्नांडिस और पूजा हेगड़े अहम रोल में नजर आने वाली है। दोनों की कलाकारों ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस में स्पेशल डांस नंबर के अलावा दीपिका पादुकोण अभिनेता के साथ उनकी अगली फिल्म 83 में भी नजर आने वाली है। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है। जो इससे पहले बॉलीवुड की कई फिल्मों का निर्देशन कर चुके है। फिल्म 83 की कहानी साल 1983 में हुए क्रिकेट विश्व कप में भारत की पहली जीत पर आधारित है। जिसमे रणवीर सिंह कपिल देव का किरदार निभाएंगे वहीं दीपिका उनकी पत्नी के रोल में होंगी।

# कैंसर से लेकर आयरन की कमी को दूर करने में बेहद फायदेमंद हैं शिमला मिर्च, जानें अन्य कमाल के फायदे

जब खाने के स्वाद में शिमला मिर्च का तड़का लग जाता है तब खाने का जायका कई गुना तक बढ़ जाता है। चाइनीज़ डिश हो या फिर तिब्बती मोमोज़ सबका स्वाद बढ़ाने वाली शिमला मिर्च, गहरे हरे रंग की आकर्षण शिमला मिर्च सिर्फ दिखने और स्वाद में ही मजेदार नहीं है, बल्कि इसके सेहत लाभ भी कमाल के हैं। अगर आपको नहीं पता, तो जरूर जानना चाहिए शिमला मिर्च के कुछ ऐसे फायदे भी हैं जो आप नहीं जानते होंगे।

### शिमला मिर्च के फायदे

शिमला मिर्च एक ऐसी सब्जी है, जिसका सेवन कई रूपों में किया जाता है। लाल, पीली और हरी शिमला मिर्च न सिर्फ आपके व्यजंन को कलरफुल बनाती है बल्कि खाने के स्वाद को भी बढ़ाती है। इसका सेवन आपको लंबे समय तक चुस्त व तंदुरूस्त बनाए रख सकता है। आइए आपको बताते हैं शिमला मिर्च के कुछ अलग फायदों के बारे में - ताजी हरी शिमला मिर्च में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैरोटीनॉइड्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है। शिमला मिर्च में मौजूद अल्कालॉइड्स एंटी-इंफलेमेटरी, एनलजेस्टिक व एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है।

### आयरन की कमी दूर

अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इसका सेवन बेहद फायदेमंद है। दरअसल, शरीर में आयरन के अवशोषण के विटामिन सी की आवश्यकता होती है और शिमला मिर्च मे विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है। इसलिए जब आप इसका सेवन करते हैं तो विटामिन सी आयरन को अवशोषित



करके आपको एनीमिक होने से बचाता है।

### दिल को स्वस्थ

शिमला मिर्च में पाया जाने वाले फलेवेनॉइड्स कई तरह ही हृदय समस्याओं को दूर करता है। और शिमला मिर्च पूरे शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई बेहतर तरीके से करता है, जिसके कारण आपके दिल में रक्त का थक्का जमने या हार्ट पंपिंग में किसी तरह की परेशानी नहीं आती है ।

### कैंसर

शिमला मिर्च में एंटी ऑक्सीडेंट, एंटीइंफ्लेमेटरी तत्व एवं सल्फर, कैरोटीनॉइड लाइकोपीन की मात्रा भी भरपूर होती है, जिसके कारण यह कैंसर जैसी बीमारी से बचने में भी लाभकारी है।

### इम्युनिटी बढ़ाए

शिमला मिर्च में विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है। यह विटामिन सी इम्युन सिस्टम को बूस्ट अप करने का काम करता है। इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ-साथ यह डैमेज ब्रेन टिश्यू को रिपेयर करने, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने, अस्थमा व कैंसर जैसी बीमारियों से भी राहत पहुंचाता है।

### वजन घटाए


शिमला मिर्च अतिरिक्त वजन को कम करने में मददगार है।दरअसल, शिमला मिर्च में बेहद कम कैलोरी होती है, जिसके कारण इसका सेवन करने से वजन बढ़ने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।शिमला मिर्च अतिरिक्त वजन को कम करने में मददगार साबित होता है।

# तनुश्री का ट्रांसफॉर्मेशन लुक वायरल शॉर्ट ड्रेस में दिखा बोल्ड अवतार



बॉलीवुड एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता का हाल ही में एक नया वीडियो सामने आया है। जिसमें वह काफी बोल्ड लुक में नजर आ रही है। दरअसल तनुश्री दत्ता एक मीटिंग के लिए अंधेरी में नजर आई। इस दौरान वह एकदम स्लिम फिट नजर आईं। वीडियो में तनुश्री का ट्रांसफॉर्मेशन लुक देखकर आपको उनकी डेब्यू फिल्म आशिक बनाया आपने की याद आ जाएगी। गौरतलब है कि तनुश्री ने पहली फिल्म में ही अपनी बोल्डनेस और खूबसूरती से बहुत वाहवाही लूटी थी, लेकिन बीते सालों में वह इतनी बदल गई थीं कि उन्हें पहचानना भी मुश्किल हो गया था। तनुश्री का 15 किलो वजन बढ़ गया था। अपना वजन कम करने के लिए तनुश्री ने काफी मेहनत की है। इस वीडियो में तनुश्री ब्लैक ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके चेहरे की खुशी को देखकर लग रहा है कि पहले जैसी अपनी टोन्ड कर्वी बॉडी पाकर वह बेहद खुश हैं। वीडियो में तनुश्री पहले जैसी दिखने लगी हैं। तनुश्री ट्रांसफॉर्मेशन का लुक देखकर लोगों का कहना है कि वह जल्द ही बॉलीवुड में वापसी करने लिए तैयार हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने साल 2005 में फिल्म आशिक बनाया आपने से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। वह चॉकलेट, रकीब, ढोल जैसी फिल्मों में नजर आईं, लेकिन फिर एक दिन अचानक उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया और फिल्मी पर्दे से गायब हो गईं।

# व्रत रखना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है, ये 10 फायदे चौंका देंगे आपको!



व्रत रखने को आमतौर पर श्रद्धा और भक्ति से ही जोड़कर देखा जाता है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ये सोचकर व्रत रखते हैं कि इसी बहाने उनका वजन कम हो जाएगा लेकिन कम ही लोगों को पता होगा कि व्रत करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है.....

1. व्रत रखने के दौरान फैट बर्निंग प्रोसेस तेज हो जाता है। जिससे चर्बी तेजी से गलना शुरू हो जाती है।
2. फैट सेल्स लैप्टिन नाम का हॉर्मोन स्त्रावित करती हैं। व्रत के दौरान कम कैलोरी मिलने से लैप्टिन की सक्रियता पर असर पड़ता है और वजन कम होता है।
3. व्रत के दौरान कुछ आवश्यक पोषक तत्वों को लेना जरूरी है वरना व्रत करना आपके लिए तकलीफदेह हो सकता है। व्रत के बाद आप जब भी कुछ खाएं, कोशिश करें कि वो पौष्टिक हो न कि फैट से भरा हुआ। वरना वजन घटने के बजाय बढ़ जाएगा।
4. व्रत करने से नई रोग प्रतिरोधक कोशिकाओं के बनने में मदद होती है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया के विशेषज्ञों की मानें तो कैंसर के मरीजों के लिए व्रत रखना बहुत फायदेमंद होता है। खासतौर पर उन मरीजों के लिए जो कीमोथेरेपी ले रहे हैं।
5. जरूरी नहीं है कि जब कोई धार्मिक मौका हो तो ही आप व्रत करें। शरीर की अंदरुनी गंदगी को साफ करने और पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए आप कभी भी सुविधानुसार व्रत कर सकते हैं।
6. कई अध्ययनों में ये पाया गया है कि कुछ समय के लिए व्रत रखने से मेटाबॉलिक रेट में 3 से 14 फीसदी तक बढोत्तरी होती है। अगर वाकई ऐसा ही है तो इससे पाचन क्रिया और कैलोरी बर्न होने में कम वक्त लगेगा।
7. व्रत करने से दिमाग भी स्वस्थ रहता है. व्रत करने से डिप्रेशन और मस्तिष्क से जुड़ी कई समस्याओं में फायदा होता है।

## 'सत्यमेव जयते 2' में डबल रोल नज़र आ सकते है जॉन अब्राहम



बॉलीवुड फिल्मो को लेकर काफी चर्चा सामने आती ही रहती है। इन दोनों बॉलीवुड की कई फिल्मे जल्द ही रिलीज होने वाली है। वही बॉलीवुड के एक्शन हीरो में से एक जॉन अब्राहम अपनी फिल्मो को लेकर काफी चर्चा में है। जॉन इन दिनों कई बड़ी फिल्मो में व्यस्त है। जल्द ही जॉन की फिल्म मुंबई सागा सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। वही पिछले कुछ वक्त से जॉन अपनी फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' को लेकर काफी चर्चा में है इस फिल्म को 13 मई को ईद के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इसी बिच अब इस फिल्म का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। जिसके बाद से इस फिल्म को लेकर और भी ज्यादा बज गया है। वही इस फिल्म का नया पोस्टर कई बड़े सवाल खड़े कर रहा है। इस नए पोस्टर में 2 जॉन अब्राहम नज़र आ रहे है। जो काफी जबरदस्त लग रहे है। वही दोनों जॉन एक दूसरे से सामना करते हुए नज़र आ रहे है। अब देखना होगा की इस फिल्म में क्या कुछ देखने को मिलता है। इस पोस्टर से साफ़ नज़र आ रहा है की इस फिल्म में जॉन डबल रोल में आने वाले है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए जॉन ने लिखा ङ्क इस ईद के मौके पर सत्य वर्से जय लड़ेंगे इस साल। वही इस फिल्म का सामना सलमान खान की फिल्म राधे के साथ होने वाला है। सलमान खान की राधे को लेकर भी काफी जबरदस्त बज बना हुआ है। आप उस जॉन की इस फिल्म को लेकर कितने उत्साहित है निचे कमेंट कर के जरूर बताए।

स्वामी,प्रकाशक ,मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेल:haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व.डॉ.एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक - श्रीमति सरला वालिया, संपादक - श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक - श्रीमति रितू वालिया।